राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 88 | नूंह, रविवार 29 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com




## बीजेपी ने ठाकरे-पटवा, कांग्रेस ने मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** बीजेपी नेताओं ने शनिवार को पार्टी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे और सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर मनाई। इस दौरान उन्हें स्मरण कर पार्टी को खड़ा करने के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान का जिक्र कर उनके बताए रास्तों पर चलने की बात कही। वहीं कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मनमोहन का आज अंतिम संस्कार किया गया है। बीजेपी के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पारासर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत अन्य नेताओं ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी नेताओं ने बीजेपी दफ्तर पहुंचकर ठाकरे तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी को अपनी मेहनत से सींचने वाले पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि भी आज है। सीएम यादव, प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पटवा की तस्वीर पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में वे सभी सुरेंद्र पटवा के निवास पहुंचे जहां सुंदरलाल पटवा को स्मरण किया और सुंदरलाल पटवा की पत्नी फूल कुंवर पटवा से मुलाकात की।

### सीएम यादव,बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी को खड़ा करने वाले नेताओं का किया स्मरण

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन गुरुवार की रात हो गया था और उनका आज अंतिम संस्कार किया गया है। प्रदेश में मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक घोषित है। इस बीच कांग्रेस जनों ने मनमोहन सिंह के कामों को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे ने समाज के उत्थान में भी निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वतंत्रता के बाद देश में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को स्थापित करने, सामान्य व्यक्तियों को सार्वजनिक जीवन में सक्रिय बनाने के लिए प्रेरित करने जैसी सकारात्मक गतिविधियों में श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने प्रदेश की राजनीति के साथ समाज और संस्कृति के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन को विस्तार देने और पारिवारिक स्तर पर राष्ट्रवादी विचारों के प्रसार में श्रद्धेय ठाकरे जी का योगदान अविस्मरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्य-तिथि पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और नमन कर सभा को संबोधित कर रहे थे।

## नीतिश कुमार चले दिल्ली, सेट करेंगे आगे का प्लान!

### 'ऑफर पॉलिटिक्स' के बीच फिर खेला करेंगे बिहार के सीएम

**पटना (एजेंसी)।** सियासी सरगर्मी के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार कल रविवार को दिल्ली जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वे कुछ राजनीतिक नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार और बीजेपी नेताओं के नाम शामिल हैं। नीतिश कुमार का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब बिहार की राजनीति में हलचल तेज है। बीजेपी और जेडीयू के बीच तल्खी की खबरें आ रही हैं। इस बीच आरजेडी ने भी नीतिश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया है। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार रविवार को दिल्ली में अपना रुटीन चेकअप करवाएंगे। सीएम सचिवालय के अनुसार, यह एक दिन का दौरा होगा। वे शाम तक पटना लौट आएंगे। हालांकि, इस दौरान कुछ राजनीतिक भेंट संभव है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नीतिश कुमार पहले भी स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली जा चुके हैं,



खासकर आंखों की जांच के लिए। यही कारण है कि यह दौरा स्वास्थ्य जांच के लिए बताया जा रहा है। दिल्ली में नीतिश कुमार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार से मिल सकते हैं। इसके अलावा बीजेपी नेताओं से भी मुलाकात की संभावना है। हालांकि, इन मुलाकातों को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। राजनीतिक हलकों में नीतिश कुमार के दिल्ली दौरे को लेकर अभी से ही मायने निकाले जा रहे हैं। दरअसल, इस वक्त बिहार की राजनीति गरमाई हुई है। बीजेपी और जेडीयू के बीच तनातनी की खबरें हैं। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के एक बयान पर जेडीयू ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। विजय कुमार सिन्हा ने बीजेपी के मुख्यमंत्री की इच्छा जताई थी। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान से यू-टर्न ले लिया। इधर, विधायक भाई वीरेंद्र ने नीतिश से महागठबंधन में शामिल होने की अपील की है।

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह

● नम आंखों से देश ने दी अंतिम विदाई, बेटी ने दी मुखाग्नि ● राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री और सोनिया-प्रियंका गांधी रहीं मौजूद ● तीनों सेनाओं ने दी सलामी, राहुल शवयात्रा के साथ आए





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली के निगमबोध घाट पर हुआ। कई राजनेता अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कई नेता मौजूद रहे। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को पहले राष्ट्रीय राजधानी स्थित कांग्रेस मुख्यालय ले जाया गया। केंद्र सरकार ने डॉ. सिंह के सम्मान में पूरे देश में सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया। यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के बाद अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थे। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी। निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे।

## भोपाल-खंडवा में बारिश के साथ गिरे ओले, ठंड बढ़ी

### 24 घंटे में 42 जिलों में पानी बरसा, भिंड में हवा की रफ्तार 62 किमी प्रति घंटा रही






**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शनिवार को लगातार दूसरे दिन मावठा गिरा। भोपाल, इंदौर, सीहोर, बड़वानी, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, श्योपुर, खंडवा, उमरिया और रीवा समेत कई जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे। जिससे फसलों को नुकसान होने की खबरें आई हैं। बारिश के चलते जबलपुर, रीवा, रायसेन, खंडवा और उमरिया समेत कई शहरों की मंडियों में रखे अनाज भीग गए। इससे पहले शुक्रवार को इंदौर और उज्जैन संभाग के लगभग सभी जिलों में बारिश हुई थी। बारिश की वजह से रायसेन के दशहरा मैदान में ट्रैक्टर ट्रॉलियों में धान लेकर आए किसान परेशान रहे। रात भर किसान तिरपाल पकड़कर बैठे रहे, ताकि धान को खराब होने से बचा सकें। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में नर्मदापुरम के पचमढ़ी, नरसिंहपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सतना, पन्ना, सिवनी, दमोह, पांढुर्णा और जबलपुर में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। यहां 50 किमी या इससे अधिक रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। कटनी, छतरपुर, सिंगरौली, सीधी, उमरिया, बुरहानपुर, रायसेन, खंडवा, देवास, हरदा, सागर, खजुराहो, रीवा, मऊगंज, चित्रकूट और डिंडौरी में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। 24 घंटे के दौरान 42 जिलों के 250 शहरों और कस्बों में पानी गिरा है।

## केजरीवाल की महिला सम्मान योजना की होगी जांच

**पूर्व सीएम नाराज**

● बोले-बीजेपी की जमानत हो रही जब्त




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार की महिला सम्मान योजना की जांच की जाएगी, एलजी वीके सक्सेना ने इसे लेकर जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। असल में ऐसे आरोप हैं कि महिला सम्मान योजना की वजह से कई लोगों का डेटा इकट्ठा किया गया। अब जिन गैर सरकारी लोगों का डेटा इकट्ठा किया गया है, उसी को लेकर सारा विवाद है। ऐसा आरोप है कि इस वजह से गोपनीयता का उल्लंघन किया गया है। अब एलजी सचिवालय की तरफ से पुलिस कमिश्नर से कहा गया है कि उन लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए जिन्होंने लाभ देने की आड़ में गोपनीयता का उल्लंघन किया। एलजी ऑफिस से पुलिस आयुक्त को कुल 3 नोटिस दिए गए हैं। पहला नोटिस आम आदमी पार्टी को लेकर है जिसने महिला मतदाता को 2100 देने की घोषणा की है। दूसरा नोट इस बात को लेकर है कि कांग्रेस के प्रस्तावित उम्मीदवारों के घर पर पंजाब की खुफिया अधिकारी मौजूद रहे हैं। तीसरा नोट इस बात को लेकर है कि पंजाब के कई इलाकों से दिल्ली में पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। अब एलजी के इस जांच के आदेश के बाद आम आदमी पार्टी आगबबूला हो गई है। पार्टी ने जारी बयान में जोर देकर बोला है कि यह आदेश कोई एलजी की तरफ से नहीं आया है बल्कि यह आदेश तो अमित शाह के ऑफिस से आया है। बीजेपी महिलाओं का सम्मान नहीं करती है और इसी वजह से वो इस योजना पर रोक लगाना चाहती है। यह कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा ने इस चुनाव में हार मान ली है। वैसे एक और विवाद इस समय दिल्ली चुनाव में चल रहा है, असल में आम आदमी पार्टी की जो संजीवनी और महिला सम्मान योजना है, उसको लेकर दो विभागों ने अखबार में विज्ञापन जारी किया था।

## पीड़िता को 25 लाख मुआवजा

● एसआईटी जांच के आदेश

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में इस वक्त अन्ना विश्वविद्यालय की 19 साल की छात्रा के यौन उत्पीड़न का मामला सुर्खियों में है। अब इस मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने राज्य पुलिस की वेबसाइट पर प्रकाशित एफआईआर में पीड़िता का विवरण उजागर करने में पुलिस की ओर से हुई गंभीर चूक के लिए पीड़िता को 25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने



पुलिस को पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस एस.एम. सुब्रमण्यम और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायण की खंडपीठ ने चल रही जांच में विभिन्न चूकों को उजागर करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों वाली एसआईटी के गठन का आदेश दिया। कोर्ट ने विशेष रूप से इस बात को गंभीरता से लिया कि घटना की प्राथमिकी पढ़ने के बाद पुलिस ने पीड़िता द्वारा 19 वर्षीय युवक को दोषी ठहराया। शनिवार को सुनवाई के दौरान पीठ ने महाधिवक्ता पीएस रमन से कहा कि क्या आपने एफआईआर पढ़ी है।

## अपनों में ही घिरी भाजपा! 'खास' को दिलाना चाहते हैं पद

### शिवराज, सिंधिया समेत कई दिग्गज लगा रहे जोर, कई जिलों में बड़ी चुनौती



भोपाल। मध्यप्रदेश के सभी जिलों में संगठन के चुनाव चल रहे हैं। बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन पूर्ण हो चुके। इसके बाद जिले का सबसे ज्यादा ताकतवर पद जिला अध्यक्ष के लिए प्रक्रिया जारी है। इस बीच, कुछ जिलों में अध्यक्ष बनने के लिए पार्टी के नेताओं में होड़ दिखाई दे रही है। छिंदवाड़ा से अलग करके बनाए गए जिले पांढुर्णा में तो भाजपा नेताओं ने अध्यक्ष वैशाली महाले के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है। शुक्रवार को यहां से कई नेता आए और मांग रखी कि महाले को दोबारा अध्यक्ष नियुक्त न किया जाए। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा के पास रोज ऐसे दर्जनों नेता आ रहे हैं जो कोई न कोई शिकायत लेकर आ रहे हैं। इसके अलावा कई जिलों में केंद्रीय नेताओं का दबाव, राज्य के मंत्रियों का दखल विरोध का कारण बन गया है। ऐसे में एक नाम पर आम सहमति नहीं बन पा रही है। भोपाल में सांसद आलोक शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर अपने पसंदीदा चेहरे को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। वहीं, पूर्व सीएम और वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अपनी पंसद बताई है। बुंदेलखंड का यह जिला सबसे ज्यादा चर्चा में है। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री वर्तमासन विधायक भूपेंद्र सिंह, पर्वू मंत्री विधायक गोपाल भार्गव अपने-अपने लोगों का अध्यक्ष बनवाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। वहीं, नरसिंहपुर जिले में मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री उदय प्रताप सिंह अपने पसंद का जिलाध्यक्ष बनवाने को लेकर आमने-सामने हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अपनी-अपनी कोशिश कर रहे हैं। वहीं, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर में भी ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी पसंद का जिलाध्यक्ष चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार अपने संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में अपनी पसंद का अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं। बाकी भाजपा नेता उनसे खफा दिख रहे हैं। वहीं, बालाघाट जिले में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन बेटी मौसम को अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं, जबकि पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे भी अध्यक्ष की लाइन में हैं। निर्दलीय प्रत्याशी रहे दिनेश राय मुनमुन बाद में भाजपा में आये, अब यहां से विधायक हैं। मूल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनका समन्वय नहीं बन पा रहा है। वर्तमान अध्यक्ष आलोक दुबे के साथ मूल भाजपा कैडर के नेता पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व सांसद नीता पटैरिया हैं।

## दो कदम आगे चीन, हिंद महासागर में भारत की कम नहीं हो रही चुनौती

● भारत के लिए अब जरूरी हो गया है तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर ● चीन का नया एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियान समुद्री परीक्षण में जुटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में बहुत कुछ दांव पर लगा है। भारत का समुद्री तट बहुत बड़ा है, लगभग 7,517 किलोमीटर। यह पश्चिम एशिया,अफ्रीका और पूर्वी एशिया के व्यस्त व्यापार मार्गों के लिए महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों के बीच में स्थित है। भारत के पास अभी केवल दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं,जो अब उतने सक्षम नहीं हैं। तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर नौसेना की जरूरत ही नहीं,बल्कि आर्थिक विकास,रणनीतिक आवश्यकता और वैश्चिक समुद्री शक्ति के रूप में भारत के उदय का प्रतीक भी होगा। भारत के लिए समुद्री सुरक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए एयरक्राफ्ट कैरियर की जरूरत है। ये कैरियर समुद्र में भारत की ताकत को दर्शाते हैं और दूर देशों में भी हमारी रक्षा भी करते हैं। हॉर्मुज से मलक्का तक समुद्री रास्तों की सुरक्षा हमारे व्यापार के लिए जरूरी है। इस साल अदन की खाड़ी में हुए हमलों से भारत को भी नुकसान हुआ। भारत के पास दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।



# Kotagalla to Sivaramakrishna An honorary doctorate is preferred



Sangareddy District Dec 28 : Kotagalla Sivaramakrishna of Sangareddy district was awarded an honorary doctorate by Chairman Lion Dr Akula Ramesh at the City Cultural Auditorium in Mushirabad.Sivaramakrishna is conducting social service programs in Sangareddy district and has worked as Yuva Sena convener of Sangareddy district in MMRPS. Working as a key youth leader in BRS party, Sunithamma is working as the organizing secretary of a charity organization and serving the people of the district.An honorary doctorate was awarded to Sivaramakrishna for his service activities in many ways and for being responsible for many societies in addition to social service.Dr. Sivaramakrishna said they are Asian Vedic International Research University and Spirit International World Book of Record. I am very happy to be given an honorary doctorate as a part of social service which is very important in my life and also I will do social service more enthusiastically in the future.

# Physical, mental and stress relief with sports

▶ Warangal West MLA Naini Rajender Reddy

▶ CM Cup state level competition has started



Warangal, 28 December : CM Cup state level competition for world class winners from villages started at Hanumakonda JNS on Friday. Warangal City Mayor Gundu Sudharani, Warangal West MLA Naini Rajender Reddy, Wardhanna Peta MLA KR Nagaraju and Hanumakonda District Collector Pravinya on Saturday inaugurated these competitions.The Mayor, MLAs, Collector and others played the game of handball along with the players in the competition organized as part of the state level CM Cup. The Mayor, MLAs and Collector introduced the athletes who came from various districts of the state to participate in various sports. He congratulated the athletes participating in the sports. Library Association Chairman Aziz Khan, District Youth, Sports Officer Ashok Kumar, other officials, coaches, physical education teachers and athletes participated in this program.

## PICTALK



A IMIM Yakutpura MLA Janab Jaffar Hussain Meraj Sahab inspected Naala Cleaning Works at London Bridge - Az-math Nagar, Rein Bazar Division. He also met with local residents to listen to their concerns and grievances. Mr. Wasayuddin ( Rein Bazar Corporator) , #AIMIM Primary Unit Members and others can also be seen...

# Participated in the DVMC meeting held at Sangareddy District Collector's office :District Collector Valluri Kranti



Sangareddy District December 28 : District Collector Valluri Kranti. Additional Collector Chandrasekhar, Social Welfare DD Akhilesh Reddy. RDOs, DSPs and District Officers DVMC members participated.Member on this occasion. Ma Chanur. Chendra Shekhar said that the police should investigate the cases of SC and STs and take steps to ensure that the victims get justice quickly and that they get the financial assistance they deserve.It is illegal for Tehsildars not to organize civil rights day in mandals every month so action should be taken against them and SC STs lands are being alienated and others are committing atrocities.Mistakes in revenue records are causing many problems and their land problems have not been solved except for going around the authorities and they have been told to take steps to solve these problems.Due to the lack of proper facilities in the hostels, the students are facing serious problems and requested to take steps to provide facilities as soon as possible, the district collector responded and said that the concerned authorities have been instructed to take appropriate steps to solve the problems.

# "Drug-Free Wellness" course for students

Hyderabad, Dec.28 (NSS): The Telangana Anti-Narcotics Bureau (TGANB) has entered into a collaborative agreement with Edistys Foundation and Kriyate Edutech for the "Drug-Free Wellness" initiative.This pioneering online program is designed to empower teen-aged students and other relevant target audience across Telangana to make informed and healthy choices regarding drugs and substance abuse.The "Drug-Free Wellness" course, featuring an interactive format and engaging content, aims to: Educate students on the dangers of drugs and substance abuse, Empower them to make responsible life choices.Engage stakeholders like Parents and Educational institutions to collectively combat the drug menace and create a positive impact on students' lives. Students, who successfully complete the course will receive a certificate issued jointly by TGANB and other partners reflecting the collaborative effort and commitment of the partners.Speaking on the occasion, IPS officer Sandeep Shandilya, Director of Telangana State Anti-Narcotics Bureau, emphasized the critical need to address substance abuse through proactive education and awareness. Samskriti Konduru and Sriharshitha Chada, representatives from Kriyate Edutech and Edistys Foundation respectively reiterated their dedication to raising awareness.

# Rhymes Fest held at Gayatri Vidyanikethan



Peddapally, Dec 28: Rhymes Fest was organized on Saturday at Gayatri Vidyanikethan in Peddapalli town. Allenki Srinivas, Chairman of Gayatri Educational Institutions, was the chief guest on the occasion participated.

Speaking on this occasion, he said that pre-primary education plays a very important role in the life of every student.

He said that if they learn the material taught by the teachers, especially in the nursery, LKG and UKG classes, they are more likely to perform well in the earlier classes.

He said that for the mental happiness of children who are tired of wrestling with books every day, Rhymes Fest has been organized in their school premises.

Later, Rajani-Srinivas, Correspondent of Gayatri Educational Institutions, said that by teaching rhymes at the pre-primary level, it is possible for children to learn memory, comprehension, gestures, different words, the way they are pronounced, manners and manners, how to behave with adults, etc. So, by teaching rhymes to

children, be-sides having fun, they will master the linguistic aspects without knowing it and remove the fear in them and they will be able to prepare for their future. She said there is a chance to excel more.

On this occasion, the pre-primary teachers were felicitated for their efforts in organizing Rhymes Fest successfully. In this program, the lectures given by the children with small words and sweet words impressed everyone.

Af-terwards, Bhagavad Gita chants recited by students left everyone spellbound.

Ahutu was awestruck to see the colorfully attired students dance with their budi budi feet with beautiful gestures to English, Hindi and Telugu rhymes. Principal Vijay, teaching team and patrons participated in this program.

# In 2012-13, PM Shri Manmohan Singh met with then Rajya Sabha MP Mrs. Renuka Chaudhary in Delhi



In the wake of the proposal to move the work load of the ODF Ordnance Factory established by late former Prime Minister Mrs. Indira Gandhi at Eddu Mailaram in the Sangareddy Constituency of Medak District to Jabalpur in Tamil Nadu, the then Prime Minister Manmohan Manmohan said that the work load should be allocated to the Ordnance Factory here so that the youth of this region will get employment opportunities. A petition was given asking Singh. Manmohan Singh granted our request and sanctioned the work load to the Eddumailaram Ordnance Factory here for the last 12 years, thousands of people got job opportunities here. Our people of Sangareddy will never forget the help of Manmohan Singh.On behalf of the people of Sangareddy Constituency, I am praying to God that Manmohan Singh's death is a huge loss for this country.

Jaggareddy.. Sangareddy

On the instruction of AIMIM President Barrister Asaduddin Owaisi Sahab. AIMIM Yakutpura MLA Janab Jaffar Hussain Meraj Sahab along with Yakutpura Incharge Yasar Arfath Sahab, Reinbazar Corporator Mohammed Wasay Uddin Sahab inspected ongoing road work and other development works SRT Colony and also MLA Sahab has been felicitated at SRT Colony Arafat Masjid in Yakutpura Constituency... in Pics Area President Syed Ali Bhai and Active Workers were seen.

## PICTALK



## PICTALK

Telangana Non-Gazetted Officials today. Association in Hyderabad District Office. Central Association of Telangana Non Gazetted Officers, General Secretary Dr. SM Hussaini, (Mujeeb) with District President Shri Vikram Kumar. Together with former Prime Minister Swargiya Manmohan. Expressing grief over Singh's death. Tributes were paid. On this occasion Dr. Mujeeb said that India is a country today. As the fifth largest economy in the world. If it has arisen, its cause is heavenly. It was built by Manmohan Singh in the nineties. The foundations are laid for the nation. He said he was a patriot. Like Manmohan Singh. Mahamedhavi's death left the country in deep despair. No one can replace him Said. District Co-President in this program. Shri KR Raj Kumar, Vice President Shri Kurradi. Srinivas members are Mr. Khaled Ahmed, Mr. Vaidik, Shastra, Shri Sridhar, Shri Mukeem Qureshi, Central Association Members Shri Shankar, Osmania Medical College, Members Shri MA Rahim, NT President Shri, Raju, Member of Excise Mr. Krishna, Grandhalaya. The members of the organization are Shri Ayodhya, Shri Vara Prasad, Shri Mahender, Shri Sukhesh and others, Reg, and STAMPS Members Shri Nazir P R O Shri, Jahangir, APRO Shri Mohammed Waheed, Shri Mustafa and others participated.



## नगरपालिका तावडू की मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियों का हुआ निपटान: संजीव कुमार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** रिवाईजिंग अथोरिटी-कम- उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार ने बताया कि नगरपालिका तावडू की प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियों का निपटारा कर दिया गया है। यदि किसी मतदाता को कोई भी आपत्ति है तो वह इसके लिए 31 दिसंबर तक उपयुक्त महोदय के समक्ष उपस्थित होकर अपील कर सकता है।

## बारिश से फसलों को कोई नुकसान नहीं- वीरेन्द्र देव

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** कृषि विभाग के उपनिदेशक वीरेंद्र देव आर्य ने बताया कि जिला नूंह में आज हुई बारिश से फसलों को किसी प्रकार के नुकसान की सूचना अभी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि जिला के अधिकतर क्षेत्रों में गेहूं व सरसों की फसल बोई गई है। अभी तक जिला में जो बारिश हुई है, वह अधिकतर क्षेत्र में इन फसलों के लिए लाभदायक रहेगी। जिला में ओलावृष्टि से भी फसलों को किसी प्रकार के नुकसान की सूचना अभी प्राप्त नहीं हुई है।

## उपराज्यपाल ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए, कानून के मुताबिक कार्रवाई करने को कहा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला सम्मान योजना को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। एलजी सचिवालय ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए हैं। एलजी सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। डिविजनल कमिश्नर से जांच करने को कहा गया है। सचिवालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वे उन लोगों के खिलाफकानून के मुताबिक कार्रवाई करें जो लाभ देने की आड़ में डेटा की गोपनीयता भंग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने एलजी विनय कुमार सक्सेना से मिलकर दिल्ली सीएम महिला सम्मान योजना के तहत जारी रजिस्ट्रेशन की जांच कराने की मांग की थी। जिसके बाद दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने महिला सम्मान योजना के जांच कराने के आदेश मुख्य सचिव को दिए हैं।

भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती हैरू केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से दिल्ली के लोग खुश थे। भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती है। भाजपा महिला सम्मान योजना से बौखला गई है। भाजपा वाले दिल्ली में पैसे बांट रहे हैं। मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपए देंगे और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देंगे। ये दोनों योजनाएं जनता के लिए इतनी फायदेमंद थीं कि लाखों लोगों ने पहले ही इनके लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया था। इससे भाजपा घबरा गई, कई भाजपा नेताओं ने मुझसे कहा कि जीतना तो छोड़िए, कई जगह भाजपा की जमानत जब्त हो जाएगी। पहले उन्होंने अपने गुंडे भेजे, फिर पुलिस भेजकर रजिस्ट्रेशन कैंप उखाड़ दिया, आज उन्होंने फर्जी जांच के आदेश दे दिए कि जांच होगी। किस बात की जांच होगी? हमने चुनावी घोषणा की थी कि चुनाव जीतेंगे तो इसे लागू करेंगे। मुझे खुशी है कि इस कदम से भाजपा ने साफकर दिया है कि वे चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। आज उन्होंने बता दिया है कि अगर आप उन्हें वोट देंगे तो वे महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लागू नहीं करेंगे। वे बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा बंद कर देंगे, वे आपकी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त इलाज और मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे।

बता दें कि इससे पहले दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की महिलाओं व बुजुर्गों से जुड़ी संजीवनी और मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाओं से दूरी बनाते हुए लोगों को सतर्क किया था। महिला एवं बाल विकास विभाग ने विज्ञापन जारी कर कहा कि ऐसी योजना नहीं हैं। रजिस्ट्रेशन कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। विज्ञापन जारी कर लोगों से आग्रह किया है कि अपनी जानकारी साझा करने से बचें।

## एनसीआर में रुक-रुक कर हो रही है बारिश, यलो अलर्ट, कल से कोहरा करेगा तंग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रात भर से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने शनिवार को बारिश और रविवार व सोमवार के लिए कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा में देर रात करीब दो बजे तेज बारिश के साथ ओले पड़े। इससे एनसीआर में ठिठुरन बढ़ गई है। इससे पहले कल सुबह से शुरू हुई बारिश का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इससे कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशान भी होना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 42.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वर्ष 1923 के बाद दिसंबर में इतनी ज्यादा बारिश पांचवीं बार दर्ज की गई। 13 दिसंबर, 2019 को 33.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में सुबह मध्यम से तेज स्तर की बारिश हुई। इससे न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। हालांकि, अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 14.6 डिग्री रहा। इसमें 24 घंटे में 9.5 डिग्री की गिरावट आई। मौसम विभाग के प्रादेशिक मानक वेधशाला सफ्दरजंग में शाम साढ़े पांच बजे तक सबसे अधिक बारिश डीयू इलाके में रिकॉर्ड की गई, जबकि पूसा केंद्र में 35 मिमी, लोधी रोड में 34.2, पालम में 31.4, रिज में 30.4, सफ्दरजंग में 30.2 व आया नगर में 18.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। कल स्मॉग के कारण दिन में ही बारिश के बीच अंधेरा छाया रहा। ऐसे में वाहन चालकों ने लाइट जलानी पड़ी। सफ्दरजंग में सुबह सात बजे के दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम केंद्र में सुबह साढ़े दस बजे तक दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खेतों में बिछी सफेद चादर,चार दिन के लिए शीतलहर व कोहरे का यलो अलर्ट; ऐसा रहेगा मौसम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हिसार।** हरियाणा समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में शुक्रवार को इस सीजन में पहली बार जमकर मेघा बरसे। शुक्रवार तड़के हल्की बारिश शुरू हुई जो दिन निकलने के साथ बढ़ती गई। रात तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। कई शहरों में दिन में ही अंधेरा छा गया। मौसम विभाग ने शनिवार को भी उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में हल्की से मध्यम बारिश, तूफान और बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। हरियाणा में 31 दिसंबर तक येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि वीरवार रात को एक उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में एक मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके असर से शुक्रवार को सभी जगह बारिश हुई। शाम तक कुलज 3.7 एमएम बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश सोनीपत में 46 एमएम हुई, जबकि अंबाला में 8.5 एमएम, हिसार 15.6, नारनौल 22.0, रोहतक 23.8, भिवानी 14.1, सिरसा 7.0, जींद 14.2, कुरुक्षेत्र में 11.5 व पानीपत में दो एमएम बारिश हुई। इसी बीच सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, कैथल व करनाल में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई। फतेहाबाद जिले के 10 गांवों में भारी ओलावृष्टि हुई। करीब 10 से 15 मिनट तक ओलों की बारिश होती रही।

28 दिसंबर को भी हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों पर इस विक्षोभ का प्रभाव देखने को मिलेगा। 29 दिसंबर से हवाओं की दिशा बदल कर उत्तरी होने से प्रदेशभर में ठंड विकराल रूप अख्तियार करेगी। इसके असर से कोहरा व शीतलहर चरम पर होंगे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेहूं विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने बताया कि यह बारिश गेहूं व सरसों दोनों फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। ओलावृष्टि से सिर्फसरसों की फसल में नुकसान की आशंका है। गेहूं का पौधा छोटा होने व अभी दाने नहीं बनने के कारण इसे ओलावृष्टि से नुकसान नहीं हुआ है।

# विभाग द्वारा अनीमिया मुक्त हरियाणा 100 दिन का त्योहार अनीमिया पर वार के तहत नागरिकों को किया जागरूक: उपायुक्त

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के तहत अनीमिया मुक्त हरियाणा के लक्ष्य के तहत प्रदेश को अनीमिया मुक्त बनाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे है। नागरिकों को अनीमिया को दूर करने के लिए दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है तथा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा अनीमिया मुक्त हरियाणा 100 दिन का त्योहार अनीमिया पर वार के तहत नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अनीमिया अर्थात खून की कमी को दूर करने के लिए प्रतिदिन आयरन युक्त संतुलित भोजन करना चाहिए। इसमें गुड़, खजूर, मूंगफली, सोयाबीन, नींबू, बाजरा, दालें, मेथी, बरोकली, पालन व बथुआ शामिल है। इन्हें प्रतिदिन अपने आहार में शामिल करें। अनीमिया के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा 6 से 59 माह के बच्चों के लिए आईएफए सिरप, 5 से 9 वर्ष के बच्चों के लिए आईएफए गुलाबी गोली, 10 से 19 वर्ष के बच्चों के लिए आईएफए नीली गोली तथा 20 से 49 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं के लिए आईएफए लाल गोली निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी तरह एक से 19 वर्ष के बच्चों एवं 20 से 49 वर्ष प्रजनन आयुवर्ग की महिलाओं में कृमि नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एल्बेंडाजोल की टेबलेट निशुल्क दी जाती है। आईएफए सप्लीमेंटेशन व एल्बेंडाजोल की दवाई नजदीकी आशा, एएनएम, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र से निशुल्क प्राप्त कर सकते है।

**अनीमिया के लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर से करें संपर्क**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि अनीमिया के लक्षणों में थकान या कमजोरी, चिड़चिड़ापन, सांस फूलना, चक्कर आना, सिर दर्द, त्वचा अथवा नीचली पलक के अंदर लालिमा कम होना, एकाग्रता की कमी, भूख न लगना व कम सहनशक्ति शामिल है। अनीमिया से पीड़ित होने पर तुरंत डॉक्टर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सलाह के अनुसार उपचार लें। उपचार के दौरान हर महीने अपने खून में हीमोग्लोबिन (एचबी) के स्तर की अवश्य जांच करवाएं।

## खाली प्लाट से सुरंग खोदकर लगाई बैंक के अंदर सेंधमारी, छुट्टी के दिन पहुंचा कर्मचारी तो खुली पोल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**भिवानी।** भिवानी के हांसी रोड स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के साथ में खाली प्लाट से सुरंग खोदकर चोरी प्रयास का मामला सामने आया है। शनिवार को छुट्टी के दिन एक कर्मचारी बैंक शाखा में पहुंचा तो आरोपी की करतूत खुल गई और डॉयल 112 पर फोन कर पुलिस बुलाई गई। जिसके बाद टीम ने खाली प्लांट के अंदर से बैंक में सुरंग खोदते हुए एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। उसके पास से ड्रील मशीन, सड़क तोड़ने के औजार भी बरामद हुए हैं। जिसके बाद फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम को भी मौके पर बुलाया गया। हांसी रोड स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा के साथ एक खाली प्लाट पड़ा है। जिसके अंदर काफी गहरी झाड़ियां उगी हुई हैं। इन्हीं का फायदा उठाकर बालसमंद निवासी एक युवक बैंक के चोरी के लिए सुरंग खोद रहा था। आरोपी युवक ने पुलिस के सामने बताया कि कई दिनों से वह सुरंग खोद रहा है। वहीं सुरंग का काम पूरा भी हो चुका था कि शनिवार को पूरी दीवार तोड़ने के बाद अंदर फर्श की टाइल उखाड़ना ही बाकी था कि इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ में जुटी है।

## बुलेट सवार दो छात्रों की मौत,स्कूल बस से टकरा बाइक; लाइब्रेरी में पढ़ने जा रहे थे मृतक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**झज्जर।** झज्जर में एक बार फिर से तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां एक स्कूल बस बुलेट से टकरा गई, जिसकी वजह से बुलेट सवार दो छात्रों की जान चली गई। मृतकों की पहचान झज्जर जिले के गांव जमालपुर निवासी साहिल पुत्र संजय और नवदीप पुत्र सोमबीर के तौर पर हुई है। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हादसा स्थल का मौका मुआयना किए जाने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए झज्जर के नागरिक अस्पताल भिजवाया। हादसे की सूचना पुलिस द्वारा मृतक छात्रों के परिजनों को दी गई है, जिनके नागरिक अस्पताल पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा जरूरी कागजात पूरे किए जाएगें और दोनों छात्रों के शवों का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। हादसे की जानकारी देते हुए डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि हादसे का शिकार हुए साहिल और नवदीप यहां छुछकवास की लाईब्रेरी में पढ़ने आते थे। रोजमर्रा की तरह शनिवार को भी वह अपनी बुलेट पर सवार होकर लाईब्रेरी के लिए निकले थे। बीच रास्ते उनकी बुलेट स्कूल बस से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि नवदीप और साहिल ने गंभीर चोटों के चलते हादसा स्थल पर ही दम तोड़ दिया।

# मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना भी अब सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में हुई शामिल : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में शामिल किया है। साथ ही, इसके तहत प्रदान किए जाने लाभों के लिए 45 दिन की समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 'मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता' योजना के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी जबकि कार्यक्रम अधिकारी (पोषण)/उप-निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और संयुक्त निदेशक/अतिरिक्त निदेशक को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी नामित किया गया है।

**क्या है मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना**

उपायुक्त ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था में मजदूरी के दौरान नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के रूप में लड़के को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अब 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर या आशा वर्कर के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई कामगार महिलाओं के लिए पहले से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत पांच हजार रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाती थी। अब सरकार द्वारा नियमों में बदलाव कर सहायता राशि दो किस्तों में देने का निर्णय लिया है।

# नवजात शिशुओ का ना करे त्याग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला नूंह के सभी आम जन से निवेदन है कि कोई भी व्यक्ति अपने नवजात शिशु का परित्याग न करे और यदि किसी कारणवश उसको ऐसा करना पड़ता है तो, वो जिला की बाल कल्याण समिति में जाकर शिशु को समर्पण करें ताकी बच्चे को पल कर उसका जीवन बचाया जा सके और उसको किसी ऐसे परिवार में गोद दिया जा सके, जिस परिवार को बच्चे की जरूरत हो, ताकि एक बच्चे को माता पिता , व माता पिता को बच्चे का प्यार मिल सके, महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों व बाल देखरेख गृहों में पालना शिशु स्वागत केंद्र बनाएं हुए है जिनमें आप अपने नवजात शिशुओं को परित्यक्त करने पर छोड़ सकते है, अगर किसी भी दंपति को अपने बच्चे का परित्याग करना है तो वो या तो जिले की बाल कल्याण समिति , या किसी भी पालना शिशु स्वागत केंद्र पर अपने बच्चे को छोड़ सकता है, न कि बच्चे को झाड़ियों में , कचरे के ढेर में , या रोड पर बेसहारा ना छोड़े और यदि किसी भी व्यक्ति को ऐसा कोई भी शिशु लावारिश अवस्था में मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या 112 नंबर पर फोन करे ताकि समय से बच्चे को उचित ट्रीटमेंट देकर उसको बचाया जा सके

# छात्रसंघ अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय को घेरा, कहा- छात्रों को मौत के मुंह में धकेल दिया

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** जेएनयू के गोदावरी हॉस्टल में आग लगने की खबर है। आग लगते ही वहां हड़कंप मच गया। तुरंत सूचना दमकल विभाग को दी गई। जिसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जेएनयूएसयू चीफ धनंजय ने इस घटना के लिए छात्रावासों में खराब सुरक्षा उपायों को जिम्मेदार ठहराया। धनंजय ने कहा, जेएनयू प्रशासन और कुलपति ने यूनिवर्सिटी के छात्रों को मौत के मुंह में धकेल दिया है। गोदावरी हॉस्टल में लगी आग इसका सबूत है। जेएनयूएसयू ने प्रशासन के समक्ष छात्रावासों की सेफ्टी और रिनोवेशन के बारे में बार-बार चिंता जताई है, लेकिन जवाब हमेशा यही मिलता रहा है कि सरकार पैसा नहीं हीं दे रही है। आरएसएस समर्थित प्रशासन और सरकार ने जेएनयू को बदहाली की स्थिति में पहुंचा दिया है।

# स्वास्थ्य शिविर में 211 लोगों की कराई जांच

मेवात न्यूज एक्सप्रेस

**नूंह।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के तहत बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) द्वारा शनिवार को खड़खड़ी गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यह शिविर जिले में एनीमिया के खतरे से निपटने के लिए आयोजित किया गया था। नूंह जिले में एनीमिया खासकर महिलाओं, बच्चों और किशोर लड़कियों में देखते हुए यह स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। संस्था के स्वास्थकर्मियो द्वारा खड़खड़ी गांव में घर-घर जाकर नियमित खून की जांच की और अनिमिया से ग्रसित लोगो को संस्था द्वारा उचित सलाह के साथ स्वास्थ्य




वर्धित दवाइयाँ, साथ ही आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए लोहे की कढ़ाही दी ताकि उसका इस्तेमाल खाना बनाने में किया जा सके। इसी क्रम में खड़खड़ी गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 211 लोगों की विभिन्न जाँचें कीं। ग्रामीण समुदाय के बीच एनीमिया की जांच और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लाभार्थियों के बीच मुफ्त दवाएं, पोषण किट, लोहे की कढ़ाही और प्रतिरक्षा-बूस्टर पैक वितरित किए गए। शिविर में गतिविधियों का समन्वय बीएसजीएसएस द्वारा किया गया, जिसमे जे.एन.राय, निदेशक परियोजना (बीएसजीएसएस) और स्थानीय जन आरोग्यम टीम के चिकित्सा दल के सदस्य शामिल थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग इन स्वास्थ्य शिविरों का लाभ जरूर उठाए। समय-समय पर जांच भी कराए।

## जिले का सरकारी नशा मुक्ति बजट के अभाव में झेल रहा बदहाली

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला सिटी।** जिले के एक मात्र सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में सुविधाओं के नाम सिर्फखानापूर्ति हो रही है। केंद्र के लिए मिलने वाला 60 लाख रुपए का बजट अभी तक जारी नहीं हुआ है। इस कारण सिर्फभवन बदल कर नशा मुक्ति केंद्र को चलाया जा रहा है। बजट न तो केंद्र को मिला है और न ही नागरिक अस्पताल को मिला है। इसी कारण भी सुविधाओं में सुधार के लिए संशय बना हुआ है। अस्पताल की ओर फिलहाल मूलभूत सुविधाएं भी नहीं दी गई है। नशा मुक्ति केंद्र में अभी तक चिकित्सकों और अन्य स्टाफके लिए सही तरीके से शौचालय भी नहीं बने हैं। इसके साथ ही गंभीर मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड वाला कमरा भी अभी खाली पड़ा हुआ है। जबकि यहां पर पांच से छह बेड की व्यवस्था होनी चाहिए सुरक्षा को लेकर भी केंद्र में कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है।

## आदेश एलजी नहीं, अमित शाह के ऑफिस से आया है, महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश पर भड़के केजरीवाल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने महिला सम्मान योजना की जांच के आदेश दिए हैं। इसे लेकर अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। केजरीवाल का कहना है कि भाजपा दिल्ली में महिला सम्मान योजना रोकना चाहती है। ये आदेश एलजी ऑफिस से नहीं, अमित शाह के ऑफिस से आया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। भाजपा दिल्ली चुनाव में हार मान चुकी है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना को महिलाओं का पूरा समर्थन मिल रहा है। अब तक 22 लाख से ज्यादा महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। केजरीवाल ने कहा कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से दिल्ली के लोग खुश थे। भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती है। भाजपा महिला सम्मान योजना से बौखला गई है। भाजपा वाले दिल्ली में पैसे बांट रहे हैं। मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपए देंगे और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देंगे। ये दोनों योजनाएं जनता के लिए इतनी फायदेमंद थीं कि लाखों लोगों ने पहले ही इनके लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया था। इससे भाजपा घबरा गई, कई भाजपा नेताओं ने मुझसे कहा कि जीतना तो छोड़िए, कई जगह भाजपा की जमानत जब्त हो जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि पहले उन्होंने अपने गुंडे भेजे, फिर पुलिस भेजकर रजिस्ट्रेशन कैंप उखाड़ दिया, आज उन्होंने फर्जी जांच के आदेश दे दिए कि जांच होगी। किस बात की जांच होगी? हमने चुनावी घोषणा की थी कि चुनाव जीतेंगे तो इसे लागू करेंगे। मुझे खुशी है कि इस कदम से भाजपा ने साफकर दिया है कि वे चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। आज उन्होंने बता दिया है कि अगर आप उन्हें वोट देंगे तो वे महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लागू नहीं करेंगे। वे बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा बंद कर देंगे, वे आपकी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त इलाज और मुफ्त शिक्षा बंद कर देंगे।

उपराज्यपाल ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए

एलजी सचिवालय ने महिला सम्मान योजना के जांच के आदेश दिए हैं। एलजी सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। डिविजनल कमिश्नर से जांच करने को कहा गया है। सचिवालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा है कि वे उन लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करें जो लाभ देने की आड़ में डेटा की गोपनीयता भंग कर रहे हैं।

## शहर की दीवारों पर पेंटिंग के जरिये छापी जाएगी ऐतिहासिक धरोहरों की तस्वीर : गौरव गौतम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पलवल, प्रवीण कुकरेजा।**



पलवल नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से सौंदर्यकरण का कार्य शुरू कर दिया है। वहीं हरियाणा सरकार में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम की माने तो उनका मुख्य उद्देश्य पलवल शहर को साफऔर स्वच्छ बनाना है जिसका कार्य तेजी से चल रहा है और उनके द्वारा पलवल शहर को साफऔर स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत शहर के अंडरपास और चौक चौराहा को ऐतिहासिक धरोहरों और महान व्यक्तियों के चित्रों से सजाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य न केवल पलवल की सुंदरता बढ़ाना है, बल्कि इसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पहचान दिलाना भी है। मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि अभियान की शुरुआत आगरा चौक के पास दीवारों पर दिल्ली के प्रसिद्ध लाल किले की सुंदर चित्रकारी से हुई है। दीवारों को पहले साफकिया जा रहा है और गंदी दीवारों पर पेंट किया जा रहा है। इसके बाद भव्य चित्रकारी का काम किया जा रहा है। शहर के अंडरपास पर लगे पुराने विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को हटाने का भी काम तेजी से चल रहा है। नगर परिषद के कर्मचारियों ने दीवारों को साफकरना शुरू कर दिया है और दीवारों पर गंदगी को हटाने के बाद उन्हें पेंट कर चमकता जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर ऐतिहासिक धरोहरों जैसे लाल किला, गेटवे ऑफ इंडिया, अन्य प्रसिद्ध इमारतें और महान व्यक्तियों के चित्र भी बनाए जाएंगे। यह पहल केवल हमारी पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायक है। इस पहल से शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

# 16 बिन्दुओं पर परिवार पहचान पत्र दुरूस्त करवा सकते है: एडीसी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने बताया कि नागरिक अब घर बैठे परिवार पहचान पत्र में नाम आदि की त्रुटि को दुरूस्त करवा सकते हैं। इसके लिए व्यक्ति को परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर जाकर स्वयं या किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर यह कार्य करवा सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने जनहित में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। प्रदेशभर के साथ-साथ जिला में भी परिवार पहचान पत्र बनाए गए हैं। परिवार पहचान पत्र बनवाने के दौरान नाम आदि कुछ त्रुटियां रह जाती हैं, जिसको दुरूस्त करवाया जा सकता है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रुटियां दुरुस्त करने के लिए 16 बिंदु निर्धारित किए हैं, जिनको ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वयं का नाम, पिता का पहला और अंतिम नाम, माता का पहला और अंतिम नाम, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और आईएफएससी कोड, जाति श्रेणी, पेशा/व्यवसाय, आय, लिंग, मृत के रूप में चिन्हित करवाना, जिंदा के रूप में चिन्हित करवाना, दिव्यांग, वैवाहिक स्थिति, योग्यता और आय से संबंधित शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं का पहला और अंतिम नाम, मोबाईल नंबर, त्रुटि पोर्टल पर दुरूस्त करवाने के दौरान आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उस ओटीपी को डालकर त्रुटि दुरूस्त की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पिता का पहला व अंतिम नाम, माता का पहला व अंतिम नाम, बैंक खाता और आईएफएससी कोड की त्रुटि पोर्टल पर दुरुस्त करवाने के दौरान परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उस ओटीपी को डालकर त्रुटि दुरुस्त की जा सकेगी, इसके अलावा अन्य किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मृत के रूप में चिन्हित करवाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत होगी, दिव्यांग के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति के लिए विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, योग्यता की त्रुटि के लिए योग्यता की डिग्री की जरूरत होगी। पोर्टल पर इन त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में वेरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। आय, पेशा/ व्यवसाय आय दुरुस्त करवाने के लिए आय प्रमाण पत्र, व्यवसाय ठीक करवाने के लिए व्यवसाय का प्रमाण की जरूरत होगी। पोर्टल पर इन त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से संबंधित टीम के पास वेरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि जाति श्रेणी की त्रुटि दुरुस्त करवाने के लिए जाति प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। पोर्टल पर जाति श्रेणी को दुरूस्त करने के लिए दस्तावेज अपलोड करने बाद ये सभी दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से संबंधित पटवारी के पास वेरीफाई के लिए आएंगे, यहां पर वेरीफाई होने के बाद त्रुटियां दूर हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणी के मार्गदर्शन में सरकार के निर्देशानुसार आय वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने इन संबंधित बिंदुओं से त्रुटि को शीघ्र दुरूस्त करवाएं ताकि वे सरकार की किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहें।

# गुरुग्राम ज़िला प्रशासन ने सर्दी से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

## ठंड व शीतलहर से बचने के लिए एहतियात बरते जिलावासी : डीसी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, इस सम्बन्ध में हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए डीसी अजय कुमार ने लोगों से सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है। डीसी अजय कुमार ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधित सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। सिर को ढंके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है और अपने फेफड़ो की सुरक्षा के लिये अपना मुहं ढक कर रखें। गर्म तरल पदार्थ नियमित कप से पिएं, इससे ठंड से लड़ने के लिये शरीर की गर्मी बनी रहेगी। डीसी ने कहा कि शरीर में उष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिये पोष्टिक आहार अवश्य लें एवं निर्जलीकरण से बचने के लिए शराब आदि का सेवन ना करें। शीतंदश होने पर चिकित्सक की सलाह ले जैसे संवेदनशून्यक सफेद अथवा पीले पड़े हाथ और पैरो की उंगलिया, कान की लौ तथा नाक की उपरी सतह इत्यादि। हाईपोथर्मिया (शरीर का तापमान समान्य से कम) होने जैसे अनियंत्रित कांपना, बोलने में दिक्कत, अनिंद्रा, मांसपेशियों में अकड़न, सांस लेने में दिक्कत इत्यादि पर चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

# नई समय सारिणी से चलेंगी 24 ट्रेनें

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** एक जनवरी से अंबाला मंडल के अधीन चलने वाली 24 ट्रेनों के समय में परिवर्तन हो जाएगा। रेलवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं मंडल स्तर पर भी इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों सहित स्टेशन अधीक्षक को दे दी गई है ताकि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को उद्धोषणा प्रणाली के माध्यम से समय के बदलाव की जानकारी मिल सके। वहीं रेलवे ने अपने स्तर पर ट्रेनों की समय सारिणी में हुए परिवर्तन की जानकारी कंफर्म टिकट यात्रियों को भेजनी शुरु कर दी है। यात्रियों से आग्रह भी किया जा रहा है कि वो घर या कार्यक्षेत्र से निकलने से पहले ट्रेनों की जानकारी रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 और वेबसाइट से जरूर लें, जिससे कि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं स्टेशन स्तर पर भी जानकारी देने के लिए वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। अंबाला, कालका, चंडीगढ़, बठिंडा, सहारनपुर और श्रीगंगानगर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव में यह बदलाव होगा।




# हिंदी मातृभाषा सत्याग्रहियों को 20 हजार पेंशन, सेना व सीआरपीएफ शहीदों के परिवारों के लिए बड़ा एलान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हरियाणा।** सीएम नायब सिंह सैनी अध्यक्षता में शनिवार को हरियाणा कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 15 से अधिक एजेंडे रखे गए थे। हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए पेंशन 15,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रतिमाह करने पर कैबिनेट की मुहर लग गई है। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि बैठक में सेना और सीआरपीएफके शहीद जवानों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि को 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये किया गया है। इसके अलावा दूसरा मुख्य एजेंडा जो बैठक में पास किया गया है उसमें 1957 के हिंदी आंदोलन मातृभाषा के सत्याग्रहियों के लिए जो मासिक पेंशन 15 हजार थी उसे भी बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने का निर्णय किया गया है। इस समय सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग 161 मातृभाषा सत्याग्रहियों या उनके जीवित पति/पत्नियों को 15,000 रुपये मासिक पेंशन मिल रही थी। सीएम सैनी ने जून में इस बढ़ोतरी का एलान किया था। प्रस्तावित वृद्धि 20,000 रुपये प्रतिमाह करने से प्रदेश पर 96.60 लाख रुपये का अतिरिक्त वार्षिक खर्च बढ़ेगा, जिससे कुल वार्षिक बजट लगभग 3.86 करोड़ रुपये हो जाएगा।



# लावारिस हालत में ना छोड़े छोटे शिशु को

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. सिमरन ने कहा है कि कोई भी माता-पिता या संरक्षक मजबूर हो कर या लाचारी की हालत में किसी भी शिशु को लावारिस हालत में कहीं असुरक्षित स्थान पर छोड़ कर नहीं जाएं। इन बच्चों को सेक्टर 15 स्थित बाल भवन में अथवा विकास सदन में स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपुर्द कर दें। डा. सिमरन ने आज कहा कि इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और अनेक ऐसे बच्चे हैं, जिनका लालन-पालन गरीबी या हालात से विवश हो कर माता-पिता सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। कुछ बच्चों को तो अनजान असुरक्षित स्थान पर छोड़ कर मां-बाप चले जाते हैं। जिस कारण लावारिस हालत में छोटे शिशु की मृत्यु तक हो जाती है। महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि चंदन नगर सेक्टर 15 स्थित जिला बाल कल्याण समिति या विकास सदन के प्रथम तल पर स्थित जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय में इन बच्चों को सौंप दिया जाए। विभाग की ओर से किसी भी ऐसे आदमी की पहचान को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा, जो शिशु को छोड़ कर जाएंगे। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1098, 112 या ऑफिस के फोन नंबर 0124-2300098 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक इस जानकारी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्स अप पर भी सांझा कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी डा. सिमरन ने कहा कि लावारिस हालात की बजाय बच्चों को सुरक्षित हाथों में दे दिया जाए तो उनको कोई संपन्न परिवार गोद लेकर उन्हें अच्छा भरण-पोषण दे सकता है। बाल कल्याण समिति द्वारा सेक्टर- 10 के सरकारी अस्पताल में बीमार बच्चे को दाखिल करवा कर उनका उपचार करवाया जा सकता है। सरकारी अस्पताल के पालना केंद्र में भी बच्चों को एडमिट करवा सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने लुढ़काया पारा, ठिठुरे लोग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** राजधानी में बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई बारिश का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इससे कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशान भी होना पड़ा। ग्रेटर नोएडा में देर रात करीब दो बजे तेज बारिश के साथ ओले भी पड़े। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 42.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वर्ष 1923 के बाद दिसंबर में इतनी ज्यादा बारिश पांचवीं बार दर्ज की गई। 13 दिसंबर, 2019 को 33.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। आरके पुरम में लगातार बारिश के कारण फुटपाथ का एक हिस्सा ढह गया। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में शुक्रवार सुबह दिल्ली में मध्यम से तेज स्तर की बारिश हुई। इससे न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। हालांकि, अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 14.6 डिग्री रहा। इसमें 24 घंटे में 9.5 डिग्री की गिरावट आई। मौसम विभाग के प्रादेशिक मानक वेधशाला सफदरजंग में शाम साढ़े पांच बजे तक सबसे अधिक बारिश डीयू इलाके में रिकॉर्ड की गई, जबकि पूसा केंद्र में 35 मिमी, लोधी रोड में 34.2, पालम में 31.4, रिज में 30.4, सफदरजंग में 30.2 व आया नगर में 18.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने दिल्ली में शनिवार को बारिश और रविवार व सोमवार के लिए कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। इधर, स्मॉग के कारण दिन में ही बारिश के बीच अंधेरा छाया रहा। ऐसे में वाहन चालकों ने लाइट जलानी पड़ी। सफदरजंग में सुबह सात बजे के दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम केंद्र में सुबह साढ़े दस बजे तक दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

# हरियाणा मंत्रिमंडल ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर, जिला गुरुग्राम के संभावित क्षेत्रों को कम संभावित क्षेत्र से मध्यम संभावित क्षेत्र में संशोधित करने को मंजूरी दी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** हरियाणा मंत्रिमंडल की आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा जिला गुरुग्राम के पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर संभावित क्षेत्रों को कम संभावित क्षेत्र से मध्यम संभावित क्षेत्र में संशोधित करने को मंजूरी दी गई। पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर (जिला गुरुग्राम) के क्षेत्र वर्तमान में हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्रों के विनियमन नियम, 1976 की श्अनुसूचीश् के अनुसार श्कम क्षमता वाले क्षेत्रश् के अंतर्गत आते हैं, जिसमें विभिन्न संभावित क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं जो निम्न, मध्यम, उच्च और अति संभावित क्षेत्र हैं। इस प्रकार यह देखा गया है कि ये क्षेत्र अब कॉलोनियों के विकास और संस्थानों, उद्योगों, गोदामों आदि जैसी अन्य गतिविधियों के लिए बहुत संभावित हो गए हैं। इसलिए, यह प्रस्ताव है कि पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर के क्षेत्रों को श्कम क्षमता वाले क्षेत्रश् से श्मध्यम क्षमता वाले क्षेत्रश् में अपग्रेड किया जा सकता है। इससे राज्य के खजाने में राजस्व में वृद्धि होगी। 1 अगस्त, 2024 को एक रेपरजेंटेशन प्राप्त हुई थी जिसमें कहा गया था कि फर्रुखनगर और पटौदी-हेली मंडी के क्षेत्र कम क्षमता वाले क्षेत्र की श्रेणी में आते हैं, और इसलिए, बहुत कम राजस्व प्राप्तियां प्राप्त होती हैं। अनुरोध किया गया कि इन क्षेत्रों की श्रेणी को उच्च क्षमता वाले क्षेत्र में अपग्रेड किया जाए ताकि बाहरी विकास शुल्क, आंतरिक विकास शुल्क, लाइसेंस शुल्क, रूपांतरण शुल्क आदि के रूप में राजस्व प्राप्तियों में सुधार हो सके। फर्रुखनगर और पटौदी-हेली मंडी कस्बे गुड़गांव-मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स (जीएमयूसी) के हाइपर पोटेंशियल जोन के बहुत करीब स्थित हैं। रिलायंस के मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप, केएमपी एक्सप्रेसवे और तेजी से विकसित हो रहे रेलवे नेटवर्क के कारण फर्रुखनगर ने डेवलपर्स का बहुत ध्यान आकर्षित किया है। इसी तरह, पटौदी-हेली मंडी में भी एनएच-8 और केएमपी एक्सप्रेसवे के करीब होने के कारण विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इसलिए, फर्रुखनगर और पटौदी-हेली मंडी संभावित क्षेत्रों को अपग्रेड करके, हरियाणा सरकार लाइसेंस शुल्क और बाहरी विकास शुल्क, रूपांतरण शुल्क आदि की दरों में वृद्धि के कारण डेवलपर्स से अधिक राजस्व प्राप्तियां एकत्र करने में सक्षम होगी।

# जरावता ने किया अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआयना

- मुआवजा देकर किसानों के आसूं पौछे सरकार : जरावता
- ओलावृष्टि, अतिवृष्टि से किसानों को हुआ भारी नुकसान : जरावता
- आसमान से बरसी आफ्त ने किसानों को बर्बाद कर दिया :जरावता



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने अतिवृष्टि, तूफान और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआयना किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी और कृषि मंत्री से तुरंत प्रभाव से स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की। पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शुक्रवार को ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से प्रभावित पटौदी क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा करके किसानों का दुख सांझा किया। जरावता ने कहा कि बारिश तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। तहसील पटौदी, फर्रुखनगर, मानेसर और धारूहेड़ा के करीब चार दर्जन गांवों की सौ प्रतिशत फसल नष्ट हो गई है। किसान देश प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। किसान अन्नदाता है जो मौसम की मार झेलकर विषम परिस्थितियों में भी देश को खाद्यान्न पैदा करते है। ओले गिरने से रबी की फसलों गेहूं और सरसों को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार तुरंत प्रभाव से स्पेशल गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा देकर उनके आंसू पौछे। इस अवसर पर सत्यप्रकाश जरावता के साथ विकास यादव, दयाराम, मनोज, रामनिवास यादव, होशियार, मंगल व यशपाल सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# आरबीआई के गवर्नर रहते हुए जब रिक्शे से घर गए डॉ. मनमोहन सिंह, विनोद गुप्ता ने साझा किया किस्सा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** सरल स्वभाव, सादा जीवन और उच्च विचार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की एक अपनी पहचान है। मनमोहन सिंह चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहते हुए अपने स्टूडेंट्स के लिए अच्छे गुरू और साथियों के लिए बेहतरीन सहयोगियों भी थे। पीयू में डॉ. मनमोहन सिंह के साथ जुड़े लम्हे उनके ही पूर्व छात्र व विभाग में सहयोगी सेवानिवृत्त प्रोफेसर विनोद गुप्ता ने अमर उजाला के साथ साझा किया। मूलतरू अंबाला के गांव बिहटा निवासी डॉ. वीके गुप्ता ने डॉ. मनमोहन सिंह से एमए अर्थशास्त्र की पढ़ाई करने के बाद उसी अर्थशास्त्र विभाग में एक साल तक लेक्चरर के पद पर उनके सहयोगी भी रहे थे। अभी वह पंचकूला एमडीसी में रहते है। साल 1962-63 में पीयू के अर्थशास्त्र विभाग में एमए की पढ़ाई करते मनमोहन सिंह हमारे प्रोफेसर थे। वह अपने स्टूडेंट्स लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। उनके ही निर्देशन में साल 1995 में अर्थशास्त्र विभाग में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हुआ। यह हमारे प्रोफेसर व मार्गदर्शक मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन का नतीजा था। साल 1966 में मनमोहन सिंह संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने चले गए थे।

**चुप रहकर सबकुछ कह जाते मनमोहन सिंह**

डॉ. मनमोहन सिंह के बारे में अर्थशास्त्र विभाग समेत पीयू में विख्यात था कि उन्हें झूठ से सख्त नफरत था। जबकि सच बोलने पर बड़ी से बड़ी गलती भी माफकर देते थे। एक बार पीयू स्कॉलर रहते हुए मैंने कुछ माह तक काम नहीं किया था। इसी दौरान मनमोहन सिंह ने पूछ लिया कि तीन माह में क्या किए, जिस पर मैंने सच बोलते हुए कहा कि सर तीन माह में कुछ भी काम नहीं कर सका हूं। इस पर वो जोर से मुस्कुराएं और चले गए मगर इशारे-इशारे में कह गए कि तीन माह बेकार कर दिए, आगे काम करना पड़ेगा।

**पद्दोन्नति नहीं होने से परेशान होने पर बुलाया दिल्ली**

पीयू में सात-आठ वर्षो तक नौकरी करने के बावजूद पद्दोन्नति नहीं हुई। मैंने परेशान होकर मनमोहन सिंह को चिठ्ठी लिखी। उन्होंने मुझे तत्काल दिल्ली बुला लिया और वहां पहुंचने पर आगे की पढ़ाई जारी रखने के बारे में गाइड किया। इसके बाद मैंने कनाडा जाकर टोरंटो से पीएचडी की। पीयू से अर्थशास्त्र विभाग से वरिष्ठ प्रोफेसर सेवानिवृत्त हुए थे।

**15 मिनट इंतजार फिर मिले और रिक्शा पर घर गए**

प्रेम लता गुप्ता ने बताया कि जब आरबीआई के गवर्नर रहते मनमोहन सिंह उनके घर पर आए तो डॉ. गुप्ता दूसरी मंजिल पर मेडिटेशन कर रहे थे। मैंने मनमोहन सिंह द्वारा डॉ. गुप्ता के बारे में पूछने पर बताया कि वह मेडिटेशन में कर रहे है, मुझे बुलाने का अनुमति भी नहीं दी।

# पूर्व पीएम को अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि : मूर्तिकार मंजीत ने बनाया मनमोहन सिंह का हू-ब-हू स्टेच्यू

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**मोगा।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। वीरवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली थी। पूर्व प्रधानमंत्री को दुनिया भर से श्रद्धांजलि दी भेंट की जा रही है। जहां देश-दुनिया के लोग उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं, वहीं पंजाब के मूर्तिकार ने अपनी कला के जरिये अनोखे अंदाज में डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी है। पंजाब के मोगा जिला के मूर्तिकार मंजीत सिंह गिल ने अपनी कला के माध्यम से पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी है। मूर्तिकार मंजीत सिंह ने अपने हाथों से डॉ. मनमोहन सिंह की हू-ब-हू मूर्ति (स्टेच्यू) बनाई है। डॉ. मनमोहन सिंह की इस मूर्ति को तैयार कर मंजीत सिंह अपने गांव में बनाए गए महान देश भगत पार्क में स्थापित करके उन्हें श्रद्धांजलि भेट करेंगे।

**फोटो देखकर मूर्ति बनाते हैं मंजीत सिंह**

मूर्तिकार मंजीत सिंह ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिये पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन की जानकारी मिली। तभी मन में ख्याल आया कि स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को अपनी कला के माध्यम से श्रद्धांजलि देंगे। शुक्रवार से ही मंजीत सिंह ने पूर्व पीएम की फोटो देखकर मूर्ति बनाने का काम शुरू कर दिया था। हालांकि इस मूर्ति को पूरी तरह से तैयार करने में 10 से 15 दिन का समय लगेगा। जब मूर्ति पूरी तरह से तैयार हो जाएगी तो इस महान देश भगत पार्क में स्थापित करेंगे। महान देश भगत पार्क में उनके हाथों से बनाई गई देश के अलग-अलग महान शख्सियतों की मूर्तियां स्थापित की गई हैं।



**पहले भी पूर्व पीएम को भेंट की थी मूर्ति**

मंजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2010 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने उनको डॉ. मनमोहन सिंह के पास भेजा था। इसके बाद मंजीत सिंह ने अपने हाथों से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मूर्ति बनाकर उनके घर पर भेंट की थी और से कुछ देर उनके साथ बातचीत भी की थी। मंजीत ने बताया कि डॉ. मनमोहन सिंह एक आम इंसान की तरह उनसे मिले थे। आज वह हमारे बीच नहीं रहे पर उनकी यादें हमेशा साथ रहेंगी।

# पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौनाचार और गर्भपात कराने के आरोपी पति को कोर्ट से झटका, जमानत याचिका खारिज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** रोहिणी कोर्ट ने पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और उसकी सहमति के बिना गर्भपात कराने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, उसके खिलाफगंभीर आरोप हैं। अवकाशकालीन न्यायाधीश सुनील कुमार आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराना) और 498 ए (पति या उसके रिश्तेदार द्वारा महिला के साथ क्रूरता करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आदेश में अदालत ने कहा, आरोपी या आवेदक की तरफसे गर्भपात और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के गंभीर आरोप हैं। ये आरोप शिकायतकर्ता के बयान से बहुत स्पष्ट हैं। ऐसे में जमानत याचिका को स्वीकार करने का कोई आधार नहीं है। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि आरोपी ने पीड़िता के चेहरे पर बीयर की बोतल फेंक कर और उसके शरीर पर सिगरेट दागकर उसे चोट पहुंचाई। अतिरिक्त लोक अभियोजक ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि घरेलू क्रूरता के अलावा आरोपी ने आईपीसी की धारा 377 और 313 के तहत अपराध किए हैं। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता ने सितंबर 2021 में आरोपी से शादी की, जिसके बाद उसने उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए और दहेज की मांग की। साथ ही, जनवरी 2022 में उसने जबरन उसका गर्भपात करा दिया। इसमें कहा गया है कि पति ने उसके शरीर पर जलती हुई सिगरेट दागकर क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं।



# चंडीगढ़ में बदला पूरा प्रशासनिक चेहरा, मेट्रो पर लगी ब्रेक, अनिल मसीह कांड से हुआ नाम बदनाम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** साल 2024 चंडीगढ़ प्रशासन के लिए बड़े बदलावों का साल साबित हुआ। प्रशासक से लेकर डीसी, गृह-वित्त सचिव, नगर निगम आयुक्त से लेकर डीसी तक प्रशासनिक ढांचे में महत्वपूर्ण चेहरे बदल गए। हालांकि, इन बदलावों के बावजूद प्रशासन ठोस फैसले लेने में विफल रहा। स्टार्टअप नीति अभी भी लंबित है और मेट्रो प्रोजेक्ट पर लगभग ब्रेक लग गई है। वहीं, डंपिंग ग्राउंड हटाने के काम ने जरूर गति पकड़ी, लेकिन अनिल मसीह कांड जैसी घटनाओं ने चंडीगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा भी किया।

**मेयर चुनाव ने कराई किरकिरी**

शहर के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव 18 जनवरी को रखा गया था। सुबह 11 बजे से मेयर का चुनाव होना था लेकिन आधा घंटा पहले चुनाव को टाल दिया गया। इसके बाद 30 जनवरी को तय हुआ। चुनाव के दौरान ही मनोनीत पार्षद व पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर बैलेट पेपर पर निशान लगाकर गठबंधन के वोटों को रद्द करने का आरोप लगा। उन्होंने 8 वोट रद्द करके भाजपा के मनोज सोनकर को मेयर घोषित कर दिया। आप ने मामले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल मसीह को दोषी पाया और गठबंधन के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया। इन सब से भाजपा और चंडीगढ़ की पूरे देश में काफी किरकिरी हुई।

**इस साल बदल गया पूरा प्रशासनिक चेहरा**


पंजाब के पूर्व राज्यपाल व चंडीगढ़ के पूर्व प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने अचानक तीन फरवरी को इस्तीफा दे दिया। निजी कारण बताया लेकिन राष्ट्रपति ने मंजूरी नहीं दी। 31 जुलाई को गुलाबचंद कटारिया को ये जिम्मेदारी सौंपी गई। इस साल प्रशासक के पूर्व सलाहकार धर्मपाल की सेवानिवृत्ति के बाद राजीव वर्मा नियुक्त हुए। गृह सचिव नितिन कुमार यादव की जगह मनदीप सिंह बराड़ बने। वित्त सचिव भी बदले। विजय नामदेवराव जड़े की जगह दीप्रवा लाकड़ा नियुक्त हुए। विनय प्रताप सिंह की जगह डीसी निशांत कुमार यादव बने। आनिंदिता मित्रा की जगह नगर निगम आयुक्त अमित कुमार बने। इसके अलावा भी प्रशासन में कई फेरबदल हुए।

**लोकसभा चुनाव में तिवारी-टंडन के बीच शहर ने देखा मुकाबला**

भाजपा ने शहर में 10 साल सांसद रही किरण खेर का टिकट काट दिया और वरिष्ठ नेता संजय टंडन को लोकसभा चुनाव में मैदान में उतारा। 10 अप्रैल को टिकट की घोषणा हुई। इसके बाद संजय टंडन सीधे किरण खेर के पास पहुंचे और जीत का दम भरा। चार दिन बाद कांग्रेस ने भी पवन बंसल का टिकट काटकर मनीष तिवारी को टिकट दे दिया। दोनों नेता पहली बार चंडीगढ़ के मैदान में आमने-सामने उतरे। तिवारी को टिकट देने के बाद कांग्रेस में काफी खलबली मची। कई नेताओं ने इस्तीफा दिया। कई प्रदर्शन भी हुए लेकिन प्रदेश अध्यक्ष एचएस लक्की, अन्य नेताओं के सहारे और तिवारी की रणनीति से कांग्रेस ने जीत दर्ज की। हालांकि, इसमें आम आदमी पार्टी का अहम रोल रहा, क्योंकि चुनाव इस बार गठबंधन में लड़ा गया था।

**पार्किंग मुफ्त करने का वादा लेकिन नहीं हुआ पूरा**

पूर्व मेयर अनूप गुप्ता ने दिवाली के दिन घोषणा कर दी कि एक दिसंबर से शहर के सभी पार्किंग में दोपहिया वाहन चालकों को पैसे नहीं खर्च करने होंगे। इसकी खूब चर्चा हुई लेकिन वह वादा नहीं पूरा कर पाए। नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी मेयर की घोषणा से खुश नहीं थे इसलिए पार्किंग मुफ्त नहीं हुई। इस मुद्दे पर विपक्ष ने भी मेयर को घेरा। मेयर पर सदन की बैठकों में आम आदमी पार्टी के पार्षदों को सबसे ज्यादा बार निलंबित करने का भी आरोप लगा। पार्षदों ने कई बार सवाल उठाया कि अनूप गुप्ता सदन की बैठकों को समय पर बुलाने में असफल रहे।



**हरमोहन धवन-छाबड़ा के निधन पर शहर हुआ दुखी**

शहर ने इस साल अपने कई चहेतों को भी खो दिया। साल के शुरू में ही पूर्व केंद्रीय मंत्री हरमोहन धवन का निधन हो गया। उनका निधन 83 वर्ष की उम्र में 27 जनवरी 2024 को हुआ। वरिष्ठ नेता प्रदीप छाबड़ा की लंबी बीमारी के बाद 9 जुलाई 2024 को देहांत हो गया। दोनों नेताओं की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग जुटे। साल का अंत होते-होते चंडीगढ़ से जुड़े देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और देश की शान रह चुकीं इंटरनेशनल मास्टर एथलीट बीबी मान कौर के बेटे मास्टर एथलीट गुरदेव सिंह का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गुरदेव सिंह ने 90 वर्ष की उम्र में अपनी मां मान कौर को एथलेटिक्स के मैदान में उतारा था, जिसके बाद उन्होंने कई मेडल जीते थे।

**प्रशासन नहीं ले पाया कोई ठोस फैसला, मेट्रो भी चलते-चलते रुकी**

इस साल कोई बड़ा फैसला प्रशासन की तरफसे नहीं लिया गया। साल की शुरुआत में मेट्रो को लेकर काफी हलचल हुई। मेट्रो चलाने के लिए पुरानी फाइलों को निकाला गया। दोबारा कसरत शुरू हुई लेकिन प्रशासक गुलाबचंद कटारिया के आने के बाद स्थितियां बदलने लगीं। मेट्रो को लेकर एक बैठक में प्रशासक ने इसकी व्यवहार्यता पर सवाल उठा दिया। उन्होंने उन शहरों से तुलना करने के आदेश दे दिए जहां पर मेट्रो चल रही है और जो चंडीगढ़ के आकार के हैं। इसके बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल चंडीगढ़ पहुंचे। उन्होंने भी मेट्रो की राइडरशिप और बनाने में आने वाले हजारों करोड़ के खर्च पर सवाल उठाया। उन्होंने पॉड टैक्सी का नया विकल्प रख दिया और जाते-जाते कहा कि इस पर भी विचार किया जा सकता है। इसलिए माना जा रहा है कि धीरे-धीरे मेट्रो चंडीगढ़ से दूर होती जा रही है।

**आम आदमी पार्टी का वादा भी निकला जुमला**

आम आदमी पार्टी ने नगर निगम चुनाव में वादा किया था कि अगर वह सत्ता में आएंगे तो 20 हजार लीटर पानी और पार्किंग मुफ्त करेंगे। 2024 में पहली बार चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का मेयर बना। मेयर के टर्म का सिर्फएक महीना बाकी रह गया है लेकिन अब तक शहर में न 20 हजार लीटर पानी मुफ्त कर पाए हैं और न ही पार्किंग मुक्त हुआ है। आम आदमी पार्टी का यह वादा भी एक जुमला ही साबित हुआ। हालांकि, पार्टी के अधिकारियों का हमेशा यह कहना होता है कि उन्होंने नगर निगम के सदन से प्रस्ताव पास करके प्रशासक को भेजा है। वह ही इसे मंजूर नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रशासन का कहना है कि नगर निगम पहले ही घाटे में है। पानी और पार्किंग को मुफ्त कर दिया जाएगा तो नगर निगम पूरी तरह से ठप हो जाएगा।


**अब तक का सबसे भीषण वित्तीय संकट झेल रहा नगर निगम**

वर्ष 2024 नगर निगम के लिए काफी चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है। नगर निगम अब तक के सबसे भीषण वित्तीय संकट से जूझ रहा है। नगर निगम करीब 200 करोड़ के घाटे में है। पिछले 7 से 8 महीने से कोई विकास कार्यो नहीं हो रहा है। सभी काम ठप पड़े हैं। पेमेंट नहीं मिलने की वजह से ठेकेदारों ने कई काम बीच में ही छोड़ दिए हैं। सड़क टूटी हैं लेकिन उन्हें बनाने का पैसा नहीं है। नगर निगम, प्रशासन से पैसे मांग रहा है लेकिन प्रशासन ने भी फिलहाल अतिरिक्त ग्रांट देने से मना कर दिया है। प्रशासन ने नगर निगम को अपने राजस्व के साधन तलाशने के आदेश दिए हैं। फरवरी और मार्च महीने में नगर निगम के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने के जितना भी पैसा नहीं बचेगा।

**न मंडी शिफ्ट हुई, न स्टार्टअप नीति लागू कर पाया प्रशासन**

स्टार्टअप नीति की पूरे साल चर्चा होती रही। प्रशासन ने सितंबर 2022 में ही ड्राफ्ट जारी कर दिया लेकिन आज तक इसकी अधिसूचना नहीं जारी हो पाई है। इसका असर यह है कि चंडीगढ़, स्टार्टअप इंडिया की रैंकिंग में लगातार पिछड़ता जा रहा है। वहीं, सेक्टर-26 की मंडी को सेक्टर-39 में शिफ्ट करने को लेकर काफी चर्चा हुई लेकिन पूरा साल खत्म हो गया, मंडी शिफ्टिंग का काम पूरा होना तो दूर शुरू भी नहीं हुआ। सेक्टर-26 में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं लेकिन प्रशासन मंडी शिफ्ट करने पर ध्यान ही नहीं दे रहा। आढ़ती मांग कर रहे हैं लेकिन प्रशासन के अधिकारी उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं।

# Google's ChromeOS to get Microsoft 365 support later this year




Google today announced that it is planning to add support for Microsoft 365 to ChromeOS later this year. The move will make it easier for users to download and install Microsoft 365's suite of apps, which includes Word, Excel, Powerpoint, Teams and Outlook among others, and open files easily. The company also said that it will be bringing support for Microsoft OneDrive to ChromeOS later this year. Also Read - How to erase and reset your iPhone in simple steps As of now Chromebook users can access Microsoft 365's suite of apps and Microsoft OneDrive as Progressive Web Apps. But obviously, they lack the integration and support that is offered by the native apps. But this is about to change soon as Google is working on functionality that will enable Chromebook users to download native Microsoft 365 apps and Microsoft OneDrive on their ChromeOS-powered laptops. Also Read - Electric vehicles may get cheaper as centre announces custom duty exemption on batteries "Today, users of Microsoft 365 and OneDrive software can use the Progressive Web App (Installable here) for their Microsoft Word, PowerPoint or Excel needs. To further help these users, we will have a new integration later this year on ChromeOS, making it easier to install the app and open files," Google wrote on its support page. Also Read - Made in India TVs to get cheaper as govt cuts custom duty on key parts by 2.5 percent In the support page, the company also wrote that in addition to enabling users download Microsoft 365 apps and Microsoft OneDrive app, it will also users a guided setup experience that takes them through the process of installing the Microsoft 365 web app and "connecting Microsoft OneDrive to their Chromebook Files app." This will enable users to move their files to Microsoft OneDrive when opening them in the Microsoft 365 app. "Users will be offered a guided setup experience that takes them through the process of installing the Microsoft 365 web app and connecting Microsoft OneDrive to their Chromebook Files app," the company added. Furthermore, the company said that users in its Dev and Beta channels will be able to test the implementation even earlier, before the full launch. Today announcement marks a rare step wherein Google has collaborated with Microsoft outside of its Chromium engine that powers Microsoft's Edge web browser. The company is not only allowing users to install Microsoft's apps on ChromeOS but it is also enabling them to switch from its own cloud storage to Microsoft's cloud storage.

# OpenAI Makes ChatGPT Available for Companies to Integrate in Apps




OpenAI is making its ChatGPT tool available to companies to incorporate into their own apps as it seeks commercial uses for the wildly popular chatbot. The company, which introduced ChatGPT to the public in November, is now offering paid access for businesses and developers who want to use the software's ability to answer questions and generate text in their own applications and products. Customers will be able to hook their apps into ChatGPT's application programming interface, giving them the same version of the GPT 3.5 model that OpenAI itself uses at a cost 10 times lower than OpenAI's existing models. Instacart, Shopify and Snap are among companies already using the ChatGPT API in their products, San Francisco-based OpenAI said in a blog post on Wednesday. While OpenAI has generated huge public interest in the best-known artificial intelligence systems of the past year — ChatGPT, which creates text, and image generator DALL-E — the company also needs to figure out how to accelerate revenue growth and pay for the huge cloud-computing bills these massive AI models rack up. In January, OpenAI negotiated an expansion of Microsoft Corp.'s investment in the company, adding a reported $10 billion (nearly Rs. 82,400 crore). Last month, OpenAI started a waitlist for companies and developers who want to use ChatGPT in their own apps and is selling a premium version to individuals. The AI research company acknowledged that ChatGPT has gone down too often recently and said it will prioritize companies and users running public applications on platform. "For the past two months our uptime has not met our own expectations nor that of our users," OpenAI wrote. "Our engineering team's top priority is now stability of production use-cases." Instacart, the US's largest online grocery-delivery company, will add ChatGPT to its shopping app, blending it with Instacart's own AI and catalog of available products. Customers will be able to ask the app to do things like suggest healthy options for kids and give instructions for how to make great fish tacos, the company said. Shopify will also use the chatbot for its consumer app — when shoppers search for a product, ChatGPT will offer recommendations. Quizlet, an electronic learning tools company, is building an AI tutoring experience where ChatGPT's question and answer style is used to replicate the Socratic method, said Chief Executive Officer Lex Bayer. For foreign language learning, ChatGPT can also make up a story in the language being studied and test reading comprehension, or take a vocabulary list and turn it into a paragraph. It's a use for the chatbot that might be more welcome to teachers, who have mostly been focused on concerns stu-

# Apple HomePod (2nd Gen) Review: More Capable Than It Looks



The Apple HomePod range of smart speakers may not be the obvious choice in the category for many buyers, because of its very obvious ecosystem-based optimisations. However, those who are suitably invested in Apple's hardware will see some benefit to this, particularly the ease with which the smart speaker is able to link and work with other Apple devices. The original HomePod was launched globally in 2018, and five years later it finally sees a successor which promises better features and performance. Priced at Rs. 32,900, the Apple HomePod (2nd Gen) is said to be smarter, better equipped to work with IoT devices, and can also tell you the room temperature and humidity. It's also considerably larger and more capable than the HomePod mini (Review), the other Apple smart speaker that you can buy right now. Should you buy the Apple HomePod (2nd Gen)? Find out in this review. apple homepod 2nd gen review main2 Apple The Apple HomePod (2nd Gen) is a bit smaller and lighter than its predecessor PauseUnmute Fullscreen Apple HomePod (2nd Gen) design and features After the original HomePod was officially discontinued in 2021, the only smart speaker from Apple has been the HomePod mini — until now. The Apple HomePod (2nd Gen) is bigger and much more capable than the HomePod mini, although there are some reductions in specifications and potential capabilities when compared to the original HomePod. Apple HomePod mini Review Visually though, the new smart speaker is nearly identical to its predecessor, save for small differences in the dimensions and weight. The Apple HomePod (2nd Gen) is available in two colours, black and white, with a fabric-wrapped exterior and light-up touch-sensitive panel at the top. Personally, I'd recommend the black colour option, based on my experience with the white HomePod mini in India, and how quickly it caught grime and started to look a bit dirty. Another big change in the design is the cable on the Apple HomePod (2nd Gen). Unlike its predecessor, the power cable is detachable on the new smart speaker, although it retains its discreet design that covers the socket entirely and gives it the appearance of being fixed in place. In addition to the cable and the speaker itself, the sales package only has the documentation for the speaker. As before, there are no physical buttons on the HomePod, with the touch-sensitive top panel providing some physical controls for volume, playback, and invoking Siri. It also provides light-based cues for when the smart speaker is in operation, listening for commands after the 'Hey Siri' wake phrase, or processing a voice command to act on it. Sonos One (Gen 2) Smart Wi-Fi Speaker Review Of course, the only way to switch the speaker off is by unplugging it entire-

# OnePlus 11 launched with LTPO 3.0 display, Hasselblad cameras



OnePlus on Wednesday launched the OnePlus 11 in China. The device comes with a new design on the back having a circular camera island. It has a new chip, the Snapdragon 8 Gen 2, and it features 100W fast charging. Also Read - OnePlus Buds Pro 2 with 39 hours of battery life launched: Price, specifications The OnePlus 11 comes in the premium segment roughly priced under Rs 60,000. Also Read - OnePlus 10 series, OnePlus 8 and more are compatible for 5G network in India OnePlus 11 price, colors, availability The OnePlus 11 is priced at CNY 3,999 (Rs 48,100) for the 12GB + 256GB variant. It costs CNY 4,399 (Rs 52,900) for the 16GB + 256GB variant and CNY 4899 (Rs 58,900) for the 16GB + 512GB variant. Also Read - OnePlus 11 to launch today: How to watch the live stream, what to expect Now that the China launch is done, OnePlus will focus on the global markets including India. The India launch is scheduled for February 7 at 7:30 PM. OnePlus 11 specifications The OnePlus 11 comes with a 6.7-inch punch-hole display with a Quad-HD+ resolution of 3216 x 1440 pixels. It is a Samsung E4 AMOLED panel with LTPO 3.0 support. It has up to 120Hz refresh rate, 10-bit color depth, and Dolby Vision certification. It has Corning Gorilla Glass protection, 1300 nits of peak brightness, and 525 PPI pixel density. The device has an in-display fingerprint scanner offering added security. As for the cameras, the device has a triple rear camera system branded by Hasselblad. This time around, OnePlus has gone with a circular camera island as opposed to the squarish camera island of the One-


# MWC 2023: Qualcomm to ship Apple-chip competitor in 2024




Chip-maker Qualcomm will ship its Apple Silicon-competing chip next year. At Mobile World Congress (MWC) 2023, Qualcomm CEO and President Cristiano Amon revealed that Apple will produce its own 5G modems in the iPhone 16, reports AppleInsider, citing sources. Also Read - Apple supplier Foxlink halts production at Indian facility in Andhra Pradesh after massive fire Qualcomm announces to launch Apple-chip competitor soon "Our SoC and custom CPUs, you should think of it as an Apple compete for the Microsoft ecosystem," Amon said. Also Read - Qualcomm Snapdragon satellite tech announced to release for most smartphones When asked when the new chip was coming, Amon said: "We probably will see some devices that may get announced in 2023." Also Read - Apple MR headset reportedly delayed due to software bugs "Most likely you're going to see a number of announcements at CES in 2024," he added. In November 2021, the chipmaker had talked about making a competitor to then Apple's M1 series of processors. However, the iPhone maker has since released the M2 range, and according to multiple rumours it will have an M3 in a Mac by the end of this year, the report said. Last month, it was reported that Qualcomm was developing a new chipset that will compete against Apple's M-series processors.

# DigiYatra Facility to Be Available for All

## Passengers at IGI Airport Terminal 2, 3




Delhi airport operator DIAL on Wednesday said facial recognition technology-based DigiYatra facility will be available for passengers at all entry and boarding gates of Terminal 2 and 3 by the end of March. The DigiYatra facility at entry gates of Terminal 1 of the airport is likely to be operational from April. The Indira Gandhi International Airport (IGIA) in the national capital, operated by the Delhi International Airport Ltd (DIAL), is the country's largest airport and has three terminals. In the first phase, the DigiYatra facility was introduced at three airports — Delhi, Bengaluru and Varanasi — on December 1, 2022. "At present, around 2,500 passengers are using DigiYatra at Delhi Airport's Terminal 3 every day. "After the installation of all the DigiYatra infrastructure at Terminal 3 and Terminal 2, around 40 percent of the daily domestic travellers will be able to get seamless entry into the terminal, security check area, and boarding gates," DIAL said in a release. With the use of DigiYatra, DIAL said passengers will be able to save around 15-25 minutes of their time in the process from entry checks to security checks during peak hours as they will have to spend a few seconds at every touch point. According to the release, DigiYatra-enabled entry gates are being set up at Terminal 1, and are likely to become operational from April 2023. DigiYatra is a biometric boarding system using facial recognition technology to provide a seamless and hassle-free experience for passengers at airports.

# संपादकीय

# जानबूझ कर जानकारी छिपाना भ्रामक विज्ञापनों के दायरे में

देश भर में फैले ज्यादातर कोचिंग संस्थानों में जितने भी विद्यार्थी पढ़ाई करने जाते हैं, उसकी मुख्य वजह यही होती है कि ऐसी जगहों के बारे में उन्हें यह बताया जाता है कि वहां से निकले सभी प्रतिभागियों को हर हाल में नौकरी मिलेगी। ऐसे कोचिंग संस्थानों के बारे में सार्वजनिक प्रचारों में वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की कामयाबी और मनपसंद जगह पर चुन लिए जाने के बारे में जैसे दावे किए जाते हैं, उनमें से ज्यादातर सच्चाई से दूर होते हैं, लेकिन वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नए विद्यार्थियों को अपने आकर्षण के जाल में उलझाने में कामयाब हो जाते हैं।

दरअसल, कोचिंग संस्थानों के बारे में तैयार प्रचार सामग्री को अक्सर भ्रामक तरीके से पेश किया जाता है, तो कई बार झूठे दावे परोसने में भी संकोच नहीं किया जाता। ऐसा इस हकीकत के बावजूद किया जाता है कि सार्वजनिक रूप से किए गए ऐसे दावे कभी कसौटी पर भी रखे जा सकते हैं और उसके बाद उस पर सवाल उठाए जा सकते हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने तीन कोचिंग संस्थानों पर इस वजह से पंद्रह लाख रुपए का जुर्माना लगाया है कि उन्होंने सिविल सेवा परीक्षाओं में प्रतिभागियों की सफलता की दर के बारे में भ्रामक तथ्य परोसे थे। सीसीपीए ने अपनी पड़ताल में यह पाया कि कोचिंग संस्थानों ने जानबूझ कर यह बात छिपाई कि उनके ज्यादातर सफल अभ्यर्थियों ने केवल साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रमों में पंजीकरण कराया था। जबकि इसी दावे की वजह से वहां के अन्य पाठ्यक्रमों की प्रभावशीलता के बारे में एक भ्रामक धारणा बनी।



विद्यार्थियों का आर्थिक शोषण और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किस पैमाने पर किया जाता है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीसीपीए ने जिन कोचिंग संस्थानों पर जुर्माना लगाया है, उनमें से एक की ओर से अपने बारे में किए गए प्रचार में 2022 की संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में '933 में से 617 चयन' का दावा किया गया, जबकि वहां सफल अभ्यर्थियों में से ज्यादातर ने केवल साक्षात्कार की तैयारी के लिए पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराया था। इसी तरह, कई बार प्रतियोगिता परीक्षाओं के नतीजे आने के बाद एक ही उत्तीर्ण अभ्यर्थी की तस्वीर के साथ अनेक कोचिंग संस्थान अपने विज्ञापनों में उसके अपने यहां पढ़ाई किए होने का दावा करते हैं। जाहिर है, यह एक तरह का भ्रम परोस कर अपने संस्थान में पढ़ने के लिए आकर्षित करने की हरकत है। दूसरी ओर, अपने आंतरिक ढांचे के भीतर शिक्षण का प्रारूप, शिक्षकों और उनकी योग्यता का ब्योरा, संसाधन आदि के बारे में पारदर्शिता का निर्वाह शायद ही कभी किया जाता है। सवाल है कि जो तथ्य सार्वजनिक पटल पर होते हैं और उन्हें कोई भी थोड़ी कोशिश करके जान सकता है, उसके जरिए प्रकारांतर से ठगी का धंधा कैसे चलता रहता है। इस संबंध में केंद्र सरकार ने सख्त नियम भी बनाए हैं।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत जानबूझ कर महत्त्वपूर्ण जानकारी छिपाने संबंधी प्रचार भ्रामक विज्ञापनों के दायरे में आते हैं। हाल ही में सीसीपीए ने भ्रामक प्रचार करने वाले कई अन्य कोचिंग संस्थानों पर भी भारी जुर्माना लगाया था। विडंबना यह है कि नियम-कायदों की अनदेखी करके अपने प्रचार के क्रम में कई कोचिंग संस्थान जो दावे करते हैं, उसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करना उन्हें जरूरी नहीं लगता। यह समझना मुश्किल है कि सीमित अवसरों के दौर में 'सौ फीसद चयन' जैसी गारंटी का दावा करने में कोई संकोच क्यों नहीं होता!

## इजरायल-हमास वॉर में अब पत्रकार भी सुरक्षित नहीं, युद्ध की आग में झुलसते जा रहे लोग



हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजराइली आक्रमण का खमियाजा फिलिस्तीन के हजारों नागरिक भुगत रहे हैं। इजराइल का दावा है कि वह चरमपंथी समूहों पर हमले कर रहा है, लेकिन सच यह है कि इसकी चपेट में ज्यादातर नागरिक ही आ रहे हैं। अब तक लगभग पैंतालीस हजार फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। हजारों लोग घायल हो चुके हैं। इजराइल वहां मानवीय सहायता भी पहुंचने नहीं दे रहा। ऐसे में हमले से बचे लोग और खासतौर पर बच्चे भुखमरी, रोग और ठंड के शिकार हो रहे हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं-बच्चों और बुजुर्गों को शरणार्थी शिविरों में पनाह लेनी पड़ी है। दुखद यह है कि हवाई हमलों के कारण आम लोगों के शरण लेने वाले शिविर भी सुरक्षित नहीं रहे। इजराइल के हवाई हमले में स्कूल, अस्पताल और नागरिक ठिकाने भी चपेट में आए हैं, जबकि इन जगहों पर हमला नहीं करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों में स्पष्ट निर्देश है। कुछ समय पहले एक धार्मिक स्थल पर सैन्य हमले में पांच लोग मारे गए थे। उस समय वहां कई विस्थापित लोगों ने शरण लिया हुआ था। बुधवार को भी गाजा पट्टी में अस्पताल के बाहर हवाई हमले में पांच पत्रकारों की मौत हो गई। यानी इजराइल अपने प्रतिशोध में अब पत्रकारों को भी नहीं बख्श रहा है। यह समझना मुश्किल है कि इतनी बड़ी तादाद में आम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल युद्धविराम के किसी भी नियम-कायदे को मानने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं और न ही शांति प्रयास की किसी पहल में उसकी रुचि है। उसकी लगातार नाकाबंदी के कारण भोजन-पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी रोज मर रहे हैं। भीषण रक्तपात के बावजूद अमेरिका सहित दुनिया के बड़े देशों ने अपनी आंखें मूंद ली हैं। इस समय गाजा के रिहाइशी इलाके और सड़कें वीरान हैं। लोग बिजली-पानी के बिना जी रहे हैं। गाजा अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। हैरत है कि मानवाधिकार हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले देश भी इजराइल के खिलाफ आगे नहीं आ रहे। ऐसे में शांति प्रक्रिया कैसे शुरू होगी? प्रतिशोध की आड़ में इजराइल कब तक तबाही मचाता रहेगा? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि प्रतिशोध की आग में बहुत कुछ जल जाता है, लेकिन युद्ध के बाद हल का रास्ता शांति और संवाद से ही निकल सकता है।

## आज का कार्टून




# डॉ मनमोहन सिंह के प्रति इतिहास आखिर क्यों दयालु होगा?

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह अब नहीं रहे, लेकिन पिछले 10 वर्षों से उनकी एक पंक्ति मुझे रह-रह कर चुभती आई है। वह यह कि वर्तमान मीडिया से ज्यादा इतिहास उनके प्रति दयालु होगा। चूंकि मैं इतिहास स्नातकोत्तर का विद्यार्थी रहा हूँ और पेशेवर मीडिया कर्मी भी हूँ, इसलिए उनकी बात और उसके मर्म को भलीभांति समझता हूं। इसलिए अमूमन सोचता रहता हूँ कि आखिर डॉ सिंह ने इतनी तल्ख टिप्पणी क्यों की? याद दिला दें कि जनवरी 2014 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि मैं मानता हूं कि अभी की मीडिया की तुलना में इतिहास मेरे प्रति दयालु होगा। इसलिए यह यक्ष प्रश्न स्वाभाविक है कि आखिर डॉ मनमोहन सिंह के प्रति इतिहास क्यों दयालु होगा? किस स्तर तक यानी कितना होगा? और उन बातों-जज्बातों को जिन्हें खुद उन्होंने मुखरित होकर उठाया, या फिर मीडिया के उठाने के बावजूद भी उन पर चुप्पी साध ली, उसके बारे में इतिहास विद किस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे, वस्तुनिष्ठ अवलोकन करना जरूरी है।

**कमलेश पांडे**

ऐसा इसलिए कि पत्रकारिता भी तो आज का इतिहास ही है। यह हर रोज गुजरते इतिहास का जीता-जागता सबूत है। कभी कभी तो वह खुद को दोहराता भी है, जैसा कि इतिहास बेकन ने कहा है। इसलिए सहज ही सवाल उठता है कि क्या मीडिया नासमझ है और इतिहास वस्तुनिष्ठ, जिस पर पक्षपात के आरोप लगते आए हैं! या फिर वो यानी डॉ सिंह जज्बाती, जिन्होंने मैडम (सोनिया गांधी) का यस मैन बनकर अपनी सियासत तो चमका ली, अपने युगान्तकारी नीतियों-रणनीतियों से कुछ लोगों को लाभान्वित भी कर गए! लेकिन जब एक शासक के रूप में राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को बचाने और आतंकवादियों व उनके आकाओं के खिलाफ सख्त प्रशासनिक फैसले लेने की जरूरत आई तो किंकर्तव्यविमूढ़ बन बैठे।

वहीं, राष्ट्रीय संसाधनों पर अल्पसंख्यकों के पहले अधिकार की बात छेड़कर बहुसंख्यक समाज के आंखों की किरकिरी बन बैठे। चाहे आरक्षण हो या बेरोजगारी, इसका समुचित समाधान अपने 10 वर्षीय शासनकाल में भी नहीं दे पाए, जिसके चलते एक बार राहुल गांधी भी उनसे नाखुश प्रतीत हुए और उसके बाद ही उन्हें चुनावी हार का भी सामना करना पड़ा। बावजूद इसके जब उनसे जुड़ी विभिन्न बातों को यदि समय की कसौटी पर कसा जाए, उनके विचारों और व्यवहारों को परखा जाए तो उपर्युक्त तीनों बातें सही हैं। इसके बावजूद, डॉ सिंह का पलड़ा इसलिए भारी है, क्योंकि वह स्वभाव से मृदु, पेशेवर तौर पर ईमानदार और राजनीतिक रूप से सदाशयी और स्पष्टवादी व्यक्ति थे। जिस दौर में उन्होंने सियासत की, जैसा उन्होंने कांग्रेस/यूपीए परिवार का विश्वास और भरोसा हासिल किया और जिन मानवीय मूल्यों को निभाया, उसमें वो सौ प्रतिशत खरे हैं। हां, इतना अवश्य है कि जब चांद भी बेदाग नहीं समझा जाता तो यह सियासी चांद भी 26/11 जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बाद आक्रामक कार्रवाई न करने के लिए जनमानस के कठघरे में खड़ा है! वहीं, देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, का राग अलापकर अपने धवल इतिहास में भी उलाहना के कुछ पंक्तियों को सुनने के लिए हमेशा समुपस्थित रहेगा। बातें बहुत सारी हैं, जिन्हें गागर में सागर की तरह समाया नहीं जा सकता। फिर भी इतिहास के एक अध्ययनकर्ता के रूप में और मीडिया कर्मी के रूप में भी मैं कांग्रेस के इन विचारों से सहमत हूँ कि डॉ. मनमोहन सिंह को उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता, गहन ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद रखेगा। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि वह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और प्रत्येक भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गए हैं। पहले एक टेक्नोक्रेट के रूप में, उसके बाद अर्थशास्त्री के रूप में और फिर भारत के प्रधान मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सामाजिक कल्याण पर ध्यान देने के साथ आर्थिक समृद्धि और विश्व मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए याद किया जाएगा। कहना न होगा कि अपने शांत लेकिन लचीले नेतृत्व के लिए जाने जाने वाले, वह एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे जिन्होंने देखभाल, चिंता और देश के कल्याण के अलावा किसी भी चीज़ के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ कठोर निर्णय लिए। एक नेता के रूप में, डॉ. सिंह ने शायद ही कभी सुर्खियां बटोरीं हों, फिर भी उनके फैसले भारतीय समाज के हर



पहलू और उससे परे गहराई से गूंजते रहे। इस तरह से राजनीतिक सहयोगियों, विरोधियों और विश्व नेताओं से उन्होंने जो विश्वास और सम्मान अर्जित किया, वह उनके गहरे प्रभाव का प्रमाण है।

देखा जाए तो प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह भारत के 13 वें प्रधानमंत्री थे। वो लोकसभा चुनाव 2009 में मिली जीत के बाद, जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने, जिन्हें पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था। वहीं, उन्हें 22 जून 1991 से 16 मई 1996 तक पीवी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्त मंत्री के रूप में किए गए आर्थिक सुधारों का श्रेय दिया जाता है।

उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गए, जहां से उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की। फिर उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी-फिल भी किया। उनकी पुस्तक इंडियाज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ भारत की व्यापार नीति की पहली और सटीक आलोचना मानी जाती है। डॉ. सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वह पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे।

इसी बीच वह संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 और 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ. सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किए गए। इसके बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। मनमोहन सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। इसके अलावा रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे। भारत के आर्थिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब वह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री रहे।

1985 में राजीव गांधी के शासन काल में मनमोहन सिंह को योजना आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस पद पर उन्होंने लगातार पांच वर्षों तक कार्य किया, जबकि 1990 में वह प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार बनाए गए। जब पीवी नरसिंह राव प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मनमोहन सिंह को 1991 में अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया और वित्त मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंपा। इस समय वह न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा के सदस्य थे। मगर संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सरकार के मंत्री को संसद का सदस्य होना आवश्यक होता है। इसलिए उन्हें 1991 में असम से राज्यसभा भेजा गया था। डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में कार्य करते हुए साल 1991 में शुरू किए गए आर्थिक उदारीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसमें सरकारी नियंत्रण को कम करना, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ाना और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स को लागू करना शामिल था, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया था।

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा):** 2005 में शुरू किए गए इस अधिनियम ने प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिन के वेतन रोजगार की गारंटी दी, जिससे लाखों लोगों की आजीविका में उल्लेखनीय सुधार हुआ और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में पारित आरटीआई ने नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों से जानकारी मांगने का अधिकार दिया, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला।

**आधार की सुविधा:** आधार परियोजना निवासियों को विशिष्ट पहचान प्रदान करने, विभिन्न सेवाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू की गई थी।

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण: डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण सिस्टम को लागू किया, जिसने कल्याण वितरण को सुव्यवस्थित किया और कई खामियों को दूर किया।

**कृषि ऋण माफी (2008):** कृषि संकट को दूर करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए के ऋण माफी के माध्यम से किसानों को राहत प्रदान की।

**भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता:** मनमोहन सिंह की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते पर बातचीत थी। इस समझौते के तहत, भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (हस्त) से छूट मिली। इसके तहत भारत को अपने नागरिक और सैन्य परमाणु कार्यक्रमों को अलग करने की अनुमति मिली। इस डील के तहत भारत को उन देशों से यूरेनियम आयात करने की अनुमति मिली, जिनके पास यह तकनीक है।

**विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम 2005:** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम 2005 को 23 जून 2005 को भारत के राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। यह अधिनियम 10 फरवरी 2006 को विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) नियम 2006 के साथ लागू हुआ।

**जीडीपी 10.08प्रतिशत पर पहुंच गई:** राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग द्वारा गठित रियल सेक्टर सांख्यिकी समिति द्वारा तैयार जीडीपी पर आंकड़ों के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के तहत 2006-2007 में भारत ने 10.08प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी। यह 1991 में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद से भारत में दर्ज की गई सबसे अधिक जीडीपी थी। उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर 2006-2007 में 10.08 प्रतिशत थी।

इतना ही नहीं, सरदार मनमोहन सिंह ने अपने कलीग को जो सम्मान दिया, वैसा राजनीति में कम ही लोग प्रेरित करते हैं। उनकी ईमानदारी हमेशा प्रेरणा बनी रहेगी और वह हमेशा उन लोगों के बीच खड़े रहेंगे जो वास्तव में इस देश से प्यार करते हैं। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो अपने विरोधियों द्वारा अनुचित और गहरे व्यक्तिगत हमलों के बावजूद देश की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ रहे।

## कारोबारी ने की आत्महत्या, कर्ज और पारिवारिक विवाद से तंग आकर उठाया कदम



**इंदौर।** सुदामा नगर में रहने वाले कारोबारी राहुल गुप्ता (40) ने शुक्रवार रात आत्महत्या कर ली। उनका शव घर में पत्नी की चुन्नी से लटका हुआ मिला। यह दृश्य सबसे पहले उनकी पत्नी ने देखा। उन्होंने तुरंत अपनी 10 साल की बेटी की मदद से राहुल को नीचे उतारा। इसके बाद पड़ोसियों की मदद से रात 12 बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राहुल की मौत से परिवार और पड़ोसी सदमे में हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा है।

अन्नपूर्णा थाना पुलिस के मुताबिक, राहुल ऑनलाइन सट्टे में काफी धनराशि हार चुके थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उनके ऊपर भारी कर्ज हो गया था। राहुल मूल रूप से भिंड के अंबाह के रहने वाले थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और उनकी कॉल डिटेल खंगालने के साथ अन्य पहलुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, इस वक्त परिवार के सदस्य बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। उनके बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कर्ज और पारिवारिक परेशानियां बनीं आत्महत्या की वजह

राहुल के दोस्तों ने बताया कि वह ऑनलाइन सट्टे में करीब डेढ़ करोड़ रुपए गंवा चुके थे। इस नुकसान की भरपाई करने के लिए उन्होंने अपने पिता से भी 40-50 लाख रुपए उधार लिए थे। आर्थिक तंगी के साथ-साथ पारिवारिक विवाद भी उनके तनाव का कारण बना हुआ था।

### बहन और भाई से जुड़ी परेशानियां

राहुल अपनी बहन के ससुराल पक्ष के विवाद से भी परेशान थे। इसके अलावा, उनके छोटे भाई की पत्नी घर से 30 लाख रुपए के जेवर लेकर चली गई थी। इस घटना की रिपोर्ट अक्टूबर में अन्नपूर्णा थाने में दर्ज कराई गई थी। इन सभी कारणों ने मिलकर राहुल को गहरे अवसाद में डाल दिया, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।

## जिले में राजस्व महा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

**इंदौर।** जिले में राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार राजस्व महा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में इंदौर जिले को प्रदेश में अव्वल बनाया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लावे। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पूर्ण गंभीरता के साथ अपनी जवाबदारी का निर्वहन करें और समय-सीमा में राजस्व प्रकरण निराकृत करें। अभियान में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर क्षेत्र में इंदौर के अव्वल रहने की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा जाए।



कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा, निशा डामोर, राजेंद्र रघुवंशी तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने राजस्व महाअभियान के तहत निराकृत किये जा रहे राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। अभियान में उदासीनता बरतने पर तीन तहसीलदारों के 15-15 दिन के वेतन को राजसात करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के निराकरण में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताया गया कि अभियान के तहत अविवादित तथा विवादित नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के समय बाह्य प्रकरणों के निराकरण के लगभग सभी लक्ष्य पूरे हो गए हैं। उन्होंने नक्शा तरमीम, ई-केवाईसी तथा अभिलेख दुरुस्ती के लक्ष्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत किए जा रहे हैं कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। सभी पात्रता धारी को भू अधिकार कार्ड मिल जाए यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह दिन-प्रतिदिन के लक्ष्य तय कर उसे अगले 7 दिन में पूरा करें। सभी पात्र किसानों की ई केवाईसी का कार्य भी शीघ्र पूर्ण हो जाए। जिन किसानों ने अभी तक ई केवाईसी नहीं कराई है उनसे संपर्क कर उनकी ई केवाईसी भी अगले 7 दिन में कर ली जाए। उन्होंने नवीन दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भी गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में डायवर्सन टैक्स की वसूली के संबंध में भी चर्चा की गई। निर्देश दिए गए की डायवर्सन टैक्स के नए प्रकरण तैयार करने के लिए आवश्यकता के अनुसार शिविर लगाए जाएं। इस संबंध में पूर्व संयुक्त कलेक्टर रजनीश श्रीवास्तव तथा ओ.पी. श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण भी दिया। बैठक में घुमक्कड़, अर्ध घुमक्कड़ तथा विमुक्त जाति के लोगों के प्रमाण पत्र बनाए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

## स्व. श्री रामलाल यादव (भल्लू भैया) की पुण्यतिथि पर फल वितरण एवं विशेष आयोजन



स्व. श्री रामलाल यादव (भल्लू भैया) की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर दीपू यादव द्वारा बाणगंगा सरकारी अस्पताल और महेश दृष्टिहीन, निःशक्त आधार वेलफेयर सोसायटी में फल वितरण एवं निःशक्त जनों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गई कि 3 से 7 जनवरी 2025 तक स्व. रामलाल यादव की स्मृति में 1000 यात्रियों को मथुरा-वृंदावन यात्रा और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करवाई जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें योगेन्द्र मौर्य, शंकर नैनवा, प्रेम खडायता, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेश यादव, लक्की अवस्थी, विजेंद्र चौहान, प्रेम वर्मा, विनोद यादव, राजेश मेवाड़ा, हेमंत जाट, और अन्य प्रमुख नाम शामिल है।

# Farewell, Manmohan Singh! In photos, India pays tribute to the man loved by all

New Delhi, Dec 28 India grieves for the man who famously spoke of studying under the dim light of kerosene lamps in his village without electricity and went on to become a storied academic and was a reluctant politician, almost stumbling into the rough and tumble of mainstream politics.Loved by all, the soft-spoken former prime minister Manmohan Singh died on Thursday night at Delhi's All India Institute of Medical Sciences (AIIMS). He was 92.The Congress leader steered the country for 10 years from 2004-2014 and helped set up the country's economic framework as finance minister before that. He would always have a renowned name globally in the field of economic. Watch his last journey as the nation bids farewell to the man loved by all. The mortal remains of former prime minister Manmohan Singh were consigned to flames at the Nigambodh Ghat here on Saturday amid the chanting of religious hymns. The funeral pyre was lit by his eldest daughter Upinder Singh.The last rites were performed in the presence of President Droupadi Murmu, Vice President Jagdeep Dhankhar and Prime Minister Narendra Modi, among other top leaders and foreign dignitaries.







The procession carrying Singh's mortal remains reached the crematorium at around 11.30 am, where the last rites will be performed shortly.Draped in the Tricolour, the flower-bedecked casket was placed at a raised platform, where leaders cutting across party lines laid wreaths on Singh's mortal remains. Earlier, the final journey of Singh began from the AICC headquarters on Saturday morning after Congress leaders paid homage to their departed leader.The vehicle carrying the mortal remains of Singh left the Congress headquarters in a procession amid chants of "Manmohan Singh amar rahe".A large number of Congress workers and leaders along with hundreds of Singh's well-wishers walked along as "Jab tak suraj chand rahega, tab tak tera naam rahega" slogans rent the air. Singh's mortal remains were taken to the AICC headquarters from his residence on 3, Motilal Nehru Road a little before 9 am. The mortal remains were kept there for about an hour, with several top Congress leaders, including Mallikarjun Kharge, Sonia Gandhi and Rahul Gandhi, paying tributes, among others. Singh passed away on Thursday night at Delhi's All India Institute of Medical Sciences due to age-related medical complications. He was 92. Considered the architect of India's economic reforms, Singh served as the prime minister for 10 years between 2004 and 2014.

## No greater feeling than serving those in need: Outgoing Chief Justice

New Delhi, Dec 28 "There is no greater feeling than being able to serve those in need and people he never knew or met," outgoing Chief Justice of India (CJI) DY Chandrachud said on Friday.At a farewell function organised by the SC Bar Association (SCBA), the CJI said his shoulders were broad enough to accept all criticism as he believed in transparency in public life and the dogma that "sunlight is the best disinfectant". Justice Chandrachud, who is the 50th CJI, said he was probably one of the most trolled individuals and judges across the system. He then took a swipe at the social media trollers and said in a lighter vein that they would become "unemployed" from Monday. The CJI made these remarks on his last working day in office on Friday.Justice Chandrachud stepped into the shoes of his illustrious father YV Chandrachud, who served as the longest CJI between 1978 and 1985, on November 9, 2022. He will retire on November 10.In the recent weeks, Justice Chandrachud had faced criticism after he invited PM Modi for Ganesh puja to his home and his remarks that he had prayed to God for a solution to the vexed Ram Janmabhoomi-Babri Masjid dispute.CJI designate Sanjiv Khanna and Bar leaders lauded his contributions. SCBA president Kapil Sibal said he allowed people to criticise judges and transformed the judicial landscape by allowing online access to court proceedings.



## Children of infiltrator father and adivasi mother to be denied tribal rights: J.P. Nadda

Ranchi, Dec 28 Bharatiya Janata Party president Jagat Prasad Nadda on Saturday asserted that if the saffron party is voted to power in Jharkhand, it will not allow tribal rights to children of infiltrator father and local Adivasi mother.

Addressing an election rally at Bishrampur in Palamu district, Nadda alleged that the JMM-led government has given shelter to Bangladeshi infiltrators and they would be driven out.

"Children of Bangladeshi infiltrator father and Adivasi mother will be denied tribal rights if the BJP is voted to power in Jharkhand. It will not allow infiltration to continue," Nadda said. He alleged that "corrupt people and thieves" are part of the JMM-led government in the state.

"Time has come to oust the single-engine government from Jharkhand and form a double-engine government here for all-round development," the BJP chief said. He said that India's image changed globally under the leadership of Prime Minister Narendra Modi."US President-elect Donald Trump describing PM Modi as his close friend reflects India's changing image," he said. India ranks second in steel manufacturing and fifth in the mobile phone market globally. The budget for highways was increased by 50 per cent under Modi , he said. Nadda claimed that the Prime Minister worked to bring tribals into the mainstream of society.



J.P. Nadda during a public meeting ahead of Jharkhand Assembly elections, at Bishrampur in Palamu district.

## His life shaped India's destiny: CWC mourns loss of 'true statesman'

New Delhi, Dec 28 Often accused of being indifferent to leaders not belonging to the Gandhi family, the Congress has made an exception for Dr Manmohan Singh owing to his high stature. The Congress Working Committee (CWC), in a condolence meeting held here today, described Dr Singh as the "architect of India's economic liberalisation". In a resolution passed at the meeting, the CWC mourned the loss of a "true statesman whose life and work have profoundly shaped the destiny of India". He was a towering figure in India's political and economic landscape whose contributions transformed the country and earned him respect worldwide, it said. "With unmatched foresight, he initiated a series of reforms that not only saved the nation from a balance of payments crisis but also opened its doors to global markets," the resolution said. Crediting him with initiatives like the Right to Education, MGNREGA, Indo-US civil nuclear deal, National Food Security Act, Land Acquisition Act, farm debt waiver and debt relief scheme and the 93rd Constitutional Amendment that advanced social justice for the SCs/STs and OBCs, the resolution pledged to carry forward Dr Singh's enduring legacy.Priyanka Gandhi Vadra, Congress general secretary, made a "rare appearance" at the CWC meeting held to pay homage to Dr Singh. While Congress Parliamentary Party chairperson Sonia Gandhi and Leader of the Opposition Rahul Gandhi attended the meeting, Priyanka's presence was a surprise since, despite being a member of the CWC, she seldom attends its meetings. Both Sonia and Priyanka were not present in a key CWC meeting that took place at Belagavi in Karnataka on Thursday to chalk out the party's strategy to take on the BJP.Rahul, while showcasing that he has come a long way since he tore up an ordinance passed by the Manmohan Singh-led government in 2013 pertaining to exemption to convicted lawmakers from disqualification, described Dr Manmohan Singh as a mentor. The Gandhis, who already visited Dr Manmohan Singh's residence to pay their respects, will lead the Congress in paying homage to the former Prime Minister at the party headquarters.



## Only devotees with tickets or tokens will be allowed for Vaikuntha Dwara Darshan

Tirumala, Dec.28 Elaborating on the arrangements of Vaikunta Dwara Darshan, TTD EO J Syamala Rao said, only devotees with tickets or tokens alone will be allowed for Srivari Vaikuntha Dwara Darshan from January 10 to 19.Taking calls from devotees during the monthly Dial-Your-EO program at Annamaiah Bhavan in Tirumala on Saturday, the EO said TTD has made elaborate arrangements for the upcoming mega fete. Answering the callers Munilakshmi from Tirupati, Bablaraju from Kothapeta, Venkatramana of Chittoor, the EO said 91 counters, including 87 in Tirupati and four at Tirumala have been arranged to issue darshan tokens to devotees.The devotees shall have to bring their original Adhaar to book these tokens. For first three days, from January 10 to 12, the tokens will be issued in these centres from 5 am of January 9 whereas for the remaining days only a day before, he maintained. All the privilege darshans stands cancelled during these ten days and only devotees with either tickets or tokens are alone will be allowed for darshan at that time, he informed. Answering callers Narasimha Rao, Sai Kumar, Krishnamurthy, Raghu from different southern States who brought to the notice of EO about various spiritual discourses being telecast by SVBC during Covid time which were stopped to be resumed, the EO said he will verify. When Suman from Warangal and Prasanth Reddy from Rajampeta sought EO to commence Angapradakshina tokens offline, he said there is no possibility.When Rajeswari sought EO for additional quota during Vaikuntha Ekadasi in Srivari Seva, he said enough number of sevaks have registered online for that slot and hence no additional quota is released. Kiran from Srikakulam told EO about the issue during Payment Gateway while booking online tickets, the EO said he will verify. Vishnu from Renigunta sought EO to enhance checking at Alipiri to which EO replied the concerned will be instructed. Murali from Hyderabad said the laddus appear too wet due to more usage of ghee, to which EO answered the quality of laddu prasadam was enhanced in the last few months.

## Tri-service mountain drill focuses on Navy's growing role on northern frontier

New Delhi, Dec 28 On November 10, the Indian Armed Forces will commence a major training exercise in the high mountains of the country's sensitive north-eastern region opposite China. The nine-day drill, codenamed exercise 'Poorvi Prahar', will involve elements from the Army, Navy and Air Force, and is aimed at generating synergy and validating joint operations in rugged high-altitude terrain.The Navy's involvement in the exercise focuses attention on two aspects in the Indian military – the increasing combat role of the Navy in a theatre away from its traditional maritime domain and the recently introduced practice of cross-posting junior and middle-level officers amongst the three services.While tri-services drills have taken place in the past in places such as Visakhapatnam on the eastern seaboard and the Andaman and Nicobar Islands, home to India's sole Tri-service Command, it is perhaps for the first time that the Defence Ministry has publicly announced a tri-service exercise in land-locked mountains. Earlier, exercises in Ladakh and the North-east involved the Army and the Air Force. The Navy, unlike the other two services, is a multi-dimensional force, trained and equipped for operating under, on and above the surface with submarines, ships and aircraft along with a highly proficient special force called the Marine Commando Force (Marcos).Though the Marcos have been deployed in Kashmir, particularly around Wular Lake, on anti-terrorist operations for years, its multi-dimensional capability came to the fore during the prolonged stand-off with China along the contentious Line of Actual Control (LAC) from the spring of 2020 onwards. Marcos were deployed at Pangong Tso Lake in eastern Ladakh, one of the sites of heavy Chinese incursions and face-offs, while its Boeing P-8I maritime surveillance aircraft, based at Arakkonam in Tamil Nadu, and unmanned aerial vehicles flew reconnaissance and survey missions along the LAC to detect Chinese movements.

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अभय सिंह सैनी द्वारा आर डी प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स (प्राइवेट) लिमिटेड A -24 सेक्टर 8 नोएडा से मुद्रित एवं नियर शिव मंदिर ग्राम बैंसी (204) नूंह हरियाणा से प्रकाशित संपादक: अभय सिंह सैनी आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 (प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं) किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जिला नूंह न्यायलय ही मान्य होगा

# Nitish Reddy's maiden ton guides India to 358/9 at stumps

▶India 358 for 9 (Reddy 105*, Washington 50, Boland 3-57, Cummins 3-86) trail Australia 474 by 116 runs



Melbourne, Dec 28 A defiant maiden Test century by Nitish Kumar Reddy, brought up with No. 11 Mohammed Siraj for company, led an outstanding rearguard from India at the MCG to give them hope of at least avoiding defeat in the fourth Test although Australia were still set to take a significant first innings lead.

Reddy, who had shown his batting prowess at various stages through his first Test series, arrived at the crease early on the third morning after a Rishabh Pant dismissal that prompted some strong reactions and was still there when bad light and rain brought an early close. He forged a stand of 127 in just under 48 overs with Washington Sundar to halt Australia in their tracks when they appeared likely to take a stranglehold on the game.However, Reddy's crowning moment came amid



huge tension after Washington was dismissed. In what appeared to be a lack of communication, he and Jasprit Bumrah came back for a second run off the final ball of an over which exposed the No. 10 to Pat Cummins and he edged to slip as Reddy watched from the non-striker's end on 99. But Siraj was able to negotiate three deliveries from Cummins to huge cheers from the Indian supporters.

Now, facing Scott Boland, Reddy defended two deliveries before unleashing a lofted straight drive down the ground to bring up a magnificent century, just the second of his first-class career. His father was in the crowd, among those on the edge of the seat as the landmark approached, and couldn't contain his emotion.When the players left the field for a second time - rain having earlier brought an early tea - Australia's advantage had been whittled down to 116, far fewer than looked on the cards when they had India 221 for 7 before lunch.They will still hope for a lead in three figures but could now face a race against time to earn victory on a true pitch that hasn't shown significant signs of deterioration.

## Deepti stars as India whitewash West Indies 3-0

New Delhi, Dec 28 Senior off-spinner Deepti Sharma did the star turn with career-best figures of 6/31 before doing her bit with the bat as India completed a 3-0 whitewash of the West Indies with a five-wicket victory in the final Women's ODI here on Friday.

Having bowled out West Indies for 162 after Deepti's superlative performance and pacer Renuka Singh's (4/29) excellent show with the new ball, India recovered after a top-order wobble to reach the target of 163 in 28.2 overs.

India were in a spot of bother at 73/4 but Deepti (39 not out in 48 balls) used all her experience to see the team through with plenty of overs remaining.

Swashbuckling wicketkeeper-batter Richa Ghosh was unbeaten on an 11-ball 23 when the winning




runs were scored.Skipper Harmanpreet Kaur, who eased nerves with two boundaries after last match centurion Harleen Deol's (1) dismissal left India at 23/2, blazed away to a 22-ball 32 before getting bowled by Afy Fletcher.During her breezy knock, Kaur smashed seven boundaries and looked good for a big one before getting dismissed.

Smriti Mandhana (4) departed early as Ashmini Munisar completed a strange one-handed catch after appearing to have misjudged what should actually have been a straightforward catch off the bowling of Aaliyah Alleyne.Enjoying a good run of form in recent times, vice-captain Mandhana did not get to the pitch of the ball on the day and paid the price.

## Jacob Duffy the slayer as Sri Lanka suffer horror collapse

▶ New Zealand 172 for 8 (Mitchell 62, Bracewell 59, Binura 2-22) beat Sri Lanka 164 for 8 (Nissanka 90, Mendis 46, Duffy 3-21) by 8 runs



Mount Maunganui, Dec 28
It was a heist for the ages in Mount Maunganui as New Zealand secured an eight-run win in the first T20I, and with it took a 1-0 lead in the three-match series. But more importantly it was a lesson in fight from the hosts, one the visitors would do well to take note of.

For much of the game it had looked Sri Lanka's to lose. The first instance was when New Zealand were reeling on 65 for 5 midway through their innings, and the second when Sri Lanka were cruising after a 121-run opening stand needing just 52 off 40 deliveries.

On both occasions New Zealand fought back, and hard - initially through a 105-run stand between Daryl Mitchell and Michael Bracewell to post a competitive 172 for 8, and then finally through a late strangle that saw Sri Lanka lose eight wickets for 38 runs after being in total control of proceedings.

Jacob Duffy was at the heart of the collapse with a three-wicket 14th over, as he set the wheels in motion for a sterling New Zealand comeback - which also earned him the player of the match award. Sri Lanka though will be at a loss for words in attempting to explain how they let this game slip.

A collapse for the ages

Sri Lanka thought they had done enough - and by all accounts they had. A 121-run opening stand in chase of 173 would in most cases have been more than enough. After all, when Kusal Mendis fell for a brisk 46, Sri Lanka needed only another 52 runs off 40 deliveries with nine wickets in hand.

Sure, three balls later that equation changed to 52 needed with seven wickets in hand, after Duffy had made sure Kusal Perera and Kamindu Mendis followed Kusal to the dressing room. But, surely not?

Nerves were eased a bit as Charith Asalanka joined Pathum Nissanka in the middle to chip away. But when he fell with 28 still required off 16, more doubts crept in. And then when Matt Henry removed Nissanka and Bhanuka Rajapaksa in the span of a few deliveries, all doubt was removed. Sri Lanka needed 19 off 8, but only Wanindu Hasaranga could be counted on to strike the boundaries needed.

## Shuttler Lakshya Sen sails into semifinals of King Cup



Shenzhen (China), Dec 28
India's Lakshya Sen came up with a spirited performance to overcome Hong Kong China's Angus Ng Ka Long in three games and sail into the semi-finals of the inaugural King Cup International Badminton Open here on Friday. The 12th-ranked Indian, who narrowly missed out on a bronze medal at the Paris Olympics after losing the playoff, defeated his 30-year-old opponent 10-21, 21-13, 21-13. It was a slow start for Lakshya, but once he got things going against the 17th-ranked opponent, he won the next two games with ease to beat Long for the first time in four attempts. The 23-year-old from Almora, who ended a title-drought with his triumph at the Syed Modi Super 300 tournament in Lucknow earlier this month, is among eight leading shuttlers in the world competing for the top prize in the three-day event. The tournament is the brainchild of two-time Olympic champion Lin Dan of China. Paris Olympics silver medallist Kunlavut Vitidsarn of Thailand and world number 2 Anders Antonsen of Denmark are the highest-ranked players in the competition, which will not offer any ranking points as it is not part of the BWF calendar. Other notable players include former world champion Loh Kean Yew of Singapore and Frenchman Alex Lanier. China is being represented by two 18-year-olds, Hu Zhe An and Wang Zi Jun.

## Arjun opens campaign with 4 wins

New Delhi, Dec 28 Indian Grandmaster Arjun Erigaisi opened his campaign with four wins and a solitary loss in the World Rapid Chess Championship to be tied fifth even as defending champion Magnus Carlsen endured a frustrating day, managing to log just one victory here.

Carlsen of Norway could not find his mojo drew three games and a late loss against Russian Denis Lazavik. Another Indian to impress was 13-year-old Raunak Sadhwani, who provided glimpse of his promise by taking down one of pre-event favourites Alireza Firouzja of France on Thursday. With the first five rounds done and eight more still to come in Rs 5,50,000 championship, Murzin Volodar of Russia, Shant Sargsyan of Armenia and the American duo of Daniel Naroditsky and Lenier Dominguez Perez share the lead on 4.5 points apiece.

Arjun and Sadhwani are in the next group of 11 players who share the fifth spot on four points each. It is an impressive list that includes the likes of Hikaru Nakamura of the US, Nodirbek Abdusattorov of Uzbekistan and Anish Giri of Holland.

In the Women's section being played simultaneously, local star Alice Lee stole the opening day thunder with four straight victories in as many games. The



American is challenged by world champion Wenjun Ju of China, her compatriot Zhongyi Tan, Gunay Mammadzada of Azerbaijan, Nino Batsiashvili of Georgia and India's D Harika who all have 3.5 points to their credit.With seven rounds to come in the women's event, R Vaishali could also among the ones to watch out for from an Indian perspective as the Chennai-based is on three points.

## Liverpool hit back to beat Leicester 3-1, Man City slump continues

Manchester, Dec 28 Erling Haaland's failure from the penalty spot and Bruno Fernandes' latest red card compounded the woes of Manchester City and Manchester United on another tough day for the two Premier League giants.There were no such problems Thursday for Liverpool, which rallied to a 3-1 win over Leicester in foggy conditions at Anfield and moved seven points clear atop the standings approaching the halfway point of the campaign.City dropped more points in its improbably poor run of form by drawing 1-1 at home to Everton, with Haaland having a spot kick saved by England goalkeeper Jordan Pickford in the 53rd minute. The four-time defending champions have only won one of their last 13 games in all competitions and manager Pep Guardiola acknowledged he needs to spend in the January transfer window to reverse City's slide."The transfer window in the winter is not easy, but even the players know that we have to add some new players," said Guardiola, who has had to cope without a host of key players, including Ballon d'Or winner Rodri, through injury this season. While City is languishing in seventh place, United is even further adrift in 14th place after a 2-0 loss at lowly Wolverhampton.United played almost the entire second half with 10 men after Fernandes collected his second yellow card in the 47th minute. It was the United captain's third sending-off of the season, though one was rescinded. After seeing second-place Chelsea also drop points after conceding in the fifth minute of stoppage time to lose 2-1 at home to Fulham, Liverpool recovered from conceding in the sixth minute against Leicester to extend its lead.

